मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 17 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण दो- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 71 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भूल से भी पत्नी से न कहें कुछ बातें, रिश्ते में हमेशा के लिए आ जाएगी कड़वाहट

अक्षय कुमार को लेकर फिल्म बनाएंगे अजय देवगन ◀◀ 6



ADMISSION OPEN 2025-26

Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)

www.jkinternationalschool.co.in

7369017904, 7369017912

AFFILIATION NO.: 3430373 SCHOOL NO.: 66578

Affiliated to CBSE, New Delhi

J.K. INERNATIONAL SCHOOL

(An English Medium Co-educational 10+2, Residential cum Day School)

We Choose Us

HOSTEL FACILITY
CRICKET ACADEMY, SWIMMING POOL, GYM ETC.
PLAY WAY METHOD OF TEACHING
QUALIFIED & CARING STAFF
COMPUTER LAB
ART & CRAFT ROOM
ENCLOSED OUTDOOR PLAY AREA
ASSESSMENT & COUNSELLING
TRANSPORT FACILITY
WORLD-CLASS INDOOR AND OUTDOOR GAME FACILITIES


# विधानसभा चुनाव 2024: दूसरे चरण के मतदान के लिए आज शाम पांच बजे थम जायेगा चुनाव प्रचार

- दूसरे चरण का मतदान 20 को
- हेमंत सोरेन, बाबूलाल, रवींद्रनाथ महतो, सुदेश महतो की प्रतिष्ठा दांव पर
- चुनावी अखाड़े में 11 पूर्व मंत्री भी ठोंक रहे हैं ताल
- चार कैबिनेट मंत्रियों की भी प्रतिष्ठा दांव पर



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण कई मायनों में राजनीतिक दलों के लिए सत्ता का द्वार खोलने में निर्णायक भूमिका निभायेगा। इस चरण में 20 नवंबर को कुल 38 सीटों पर मतदान होना है। चुनावी प्रचार अभियान 18 नवंबर यानि सोमवार शाम पांच बजे के बाद थम जायेगा। इस चरण में सीएम हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो, विधानसभाध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो सहित चार कैबिनेट मंत्री इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी की किस्मत का फैसला होगा।

**दूसरे चरण में 11 पूर्व मंत्री भी चुनावी अखाड़े में हैं:** इसके अलावा कल्पना सोरेन, सीता सोरेन, लुईस मरांडी और लोबिन हेंब्रम पर भी सभी की नजरें टिकीं होंगी। दूसरे चरण में 11 पूर्व मंत्री भी चुनावी अखाड़े में हैं। स्टीफन मरांडी, हेमलाल मुर्मू, बसंत सोरेन, लुईस मरांडी, बादल पत्रलेख, रंधीर सिंह, सुरेश पासवान, प्रदीप यादव, जेपी पटेल, मथुरा महतो और जलेश्वर महतो की भी किस्मत का फैसला होगा

**38 सीटों के लिए कुल 528 उम्मीदवार मैदान में :** 38 सीटों के लिए कुल 528 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं। एक जेंडर उम्मीदर भी चुनावी अखाड़े में है। राष्ट्रीय दल से 73 प्रत्याशी हैं, जिनमें 60 पुरुष और 13 महिलाएं हैं। मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों के 28 उम्मीदवार भी चुनावी रण में हैं। इसमें 23 पुरुष और पांच महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

## भारत ने डिफेंस सेक्टर में फिर दिखाया दम हाइपरसोनिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली :** भारत ने डिफेंस सेक्टर में अपना दम दिखाया है। भारत ने पहली बार लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल है। यह परीक्षण ओडिशा के तट से दूर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह जानकारी दी। यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को ऐसे चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और एडवांस सैन्य तकनीकों की क्षमता है। रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

**1500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम:** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया। डीआरडीओ की तरफ से टेस्ट की गई हाइपरसोनिक मिसाइल को भारतीय सशस्त्र बलों की सभी सेवाओं के लिए 1500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी। उन्होंने कहा, भारत ने ओडिशा के तट से दूर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने हमारे देश को उन देशों के साथ खड़ा कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और एडवांस सैन्य टेक्नोलॉजी है।

**मिसाइल को क्यों किया गया है डिजाइन:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया है। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को भारतीय सशस्त्र बलों की सभी सेवाओं के लिए 1500 किमी से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ बोल रहा हूं , आरबीआई को आया धमकी भरा कॉल, प्रशासन में मचा हड़कंप

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (पइक) को धमकी भरा कॉल सुबह 10 बजे किया गया। कॉलर ने खुद को लश्कर ए तैयबा का सीईओ बताया। कॉल रिजर्व बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर आई थी। कथित तौर पर रिजर्व बैंक के सुरक्षा गार्ड को कॉल की गई। शख्स ने खुद को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ बताते हुए कहा पीछे का रास्ता बंद कर दो इलेक्ट्रिक कार खराब हो गई है। अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कराया जा चुका है। वहीं पुलिस के मुताबिक ये किसी की शरारत भी हो सकती है।



इससे पहले गुरुवार (15 नवंबर) को मुंबई के जेएसए लॉ फर्म बेलर्ड पेयर और जेएसए ऑफिस कमला मिल लोअर पर्ल को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ईमेल आया था। मेल कंपनी के ऑफिशियल आईडी पर आया था। भेजने वाले शख्स का नाम फरजान अहमद था। उसने लिखा था फर्म के कार्यालय और बेलार्ड एस्टेटऑफिस में बम रखा गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत ही जांच शुरू कर दी थी।

इससे पहले फ्लाइट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बीते गुरुवार (14 नवंबर) को मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अज्ञात शख्स ने मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ को फोन कर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

इसके बाद एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों सहित अन्य लोग खौफजदा हो गए थे। धमकी देने वाले शख्स ने सीआईएसएफ कर्मचारी को फोन कर कहा था कि एयरपोर्ट पर बम रखा हुआ है। जांच में सामने आया था कि मोहम्मद नाम का व्यक्ति विस्फोटक सामग्री लेकर मुंबई से अजरबैजान जाने की योजना बना रहा था।27 अक्टूबर को भी मुंबई एयरपोर्ट पर एक धमकी दी गई थी। कहा गया था कि अगर विमान उड़ा तो कोई भी यात्री जिंदा नहीं बचेगा। जांच में यह धमकी भी झूठी पाई गई थी। पिछले लगभग एक साल से देश में स्कूल, होटल, एयरपोर्ट, मार्केट, ट्रेन, बस आदि को बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं। हालांकि सभी फर्जी निकल रही हैं।

## अपराधियों ने गैस कटर से काटा एसबीआई का एटीएम, 12 लाख जले

**खूंटी:** अपराधियों ने पैसों की लालच में शनिवार देर रात एसबीआई की एटीएम काट दी। यह घटना जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के खूंटी सिमडेगा मुख्य मार्ग के किनारे स्थित बिचना गांव के पास घटी है। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने एसबीआई के बाहर लगी एटीएम से रुपये चोरी करने की कोशिश की। एटीएम में रखे नोट जल गये और सायरन बजने लगाः अपराधियों ने गैस कटर से एटीएम को काटा, लेकिन इस कोशिश में एटीएम में रखे नोट जल गये और सायरन बजने लगा। सायरन बजते ही वे भाग निकले।

## चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को जोरदार झटका, कैलाश गहलोत ने आप से दिया इस्तीफा

**नई दिल्लीः** दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) को जोरदार झटका लगा है। कैलाश गहलोत ने दिल्ली के परिवहन मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी भी छोड़ने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वे बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। गहलोत दिल्ली सरकार में गृह, परिवहन, आईटी और महिला एवं बाल विकास सहित प्रमुख विभागों के प्रभारी थे। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को कैलाश गहलोत ने इस्तीफा भेजा है। 50 वर्षीय नेता ने अपने इस्तीफे में पार्टी के अंदर आ रही गंभीर चुनौतियों की ओर इशारा किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा पार्टी में हावी है। सरकार के कई वादे अधूरे रह गए हैं। जैसे यमुना को लें, जिसे हमने स्वच्छ नदी में बदलने का वादा किया था। आज नदी की स्थिति गंभीर है।

## हिंसा को लेकर केंद्र पर भड़के मल्लिकार्जुन खरगे, कहा- 'न मणिपुर एक है, न सेफ है'



**नई दिल्लीः**मणिपुर हिंसा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जु खरगे ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। खरगे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मणिपुर न तो सुरक्षित है और न ही एक रहा है। खरगे ने भाजपा सरकार पर बंटवारे की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया।

**'भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलते रहने देना चाहती है' :** कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा कि 'आपकी डबल इंजन की सरकार में न मणिपुर एक है और न ही सेफ है। मई 2023 से मणिपुर अकल्पनीय दर्द, बंटवारे और हिंसा से गुजर रहा है, जिससे इसके लोगों का भविष्य तबाह हो गया है। हम ये पूरी जिम्मेदारी से कह रहे हैं कि ऐसा लगता है कि भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलते रहने देना चाहती है ताकि अपने बंटवारे की राजनीति को जारी रख सके।'

**'राज्य के लोग आपको माफ नहीं करेंगे':** खरगे ने कहा कि मणिपुर में भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल रही है और राज्य के लोग कभी भी इसके लिए भाजपा को माफ नहीं करेंगे। खरगे ने लिखा कि 'मणिपुर में 7 नवंबर से अब तक 17 लोगों की जान जा चुकी है और सीमावर्ती राज्य में हिंसा बढ़ती जा रही है।

# बिहार के बांका में माता-पिता और बेटे की एकसाथ उठी अर्थी, गांव में मातम

## ग्रुप लोन लेकर उजड़ गया हंसता-खेलता परिवार, सभी ने खाया जहर

**बांकाः** बिहार के बांका जिले में एक परिवार ग्रुप लोन की जाल में उलझकर तबाह हो गया। कर्ज के बोझ से परेशान परिवार के पांच लोगों ने बीते शुक्रवार की रात करीब दो बजे जहर खा लिया। पति-पत्नी ने खुद भी सल्फास की गोली खायी और अपने तीन बच्चों को भी मिठाई में जहर मिलाकर खिला दिया। पति-पत्नी और एक बेटे की इस घटना में मौत हो गयी जबकि दो बच्चों का इलाज चल रहा है। वहीं अमरपुर थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में इस घटना को लेकर मातम पसरा हुआ है। जब एकसाथ मां-पिता और बेटे की अर्थी उठी तो पूरा गांव रो पड़ा। लोग इस दर्दनाक घटना पर अफसोस जता रहे थे। कर्ज के मकड़जाल ने पूरे परिवार को उजाड़ दिया। अब जो दो बच्चे बाल-बाल बचे हैं वो अनाथ हो चुके हैं।

कर्ज के बोझ से दबा बलुआ गांव के मृतक कन्हाय महतो ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जबकि उनकी पत्नी गीता देवी अपने बच्चों के साथ इंगलिशमोड़ चौक पर नाश्ते की दुकान चलाती थी। बताया जा रहा है कि उन्होंने लोन की राशि से ऑटो खरीद रखा था। मृतक दंपति ने विभिन्न नॉन बैंकिंग सहित कई रसुखदारों से भी कर्ज ले रखा था। कर्ज के तगादे से तंग आकर अपने बच्चों के साथ दंपति ने सल्फास की गोली खा ली। जिससे दंपति व उनके पुत्र की मौत हो गयी। जबकि एक पुत्री व एक पुत्र का इलाज भागलपुर में जारी है।

घटना की खबर सुनते ही मृतक कन्हाय की मां इनरमा देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो पूर्व मृतक कन्हाय का वृद्ध पिता नरेश महतो अपने घर से गायब हो गया है, जो आज तक वापस लौटकर नहीं आया है। मृतक की वृद्ध मां अब भी सुहागन बनकर अपने पति का इंतजार कर रही है। मृतक अपने तीन भाई में सबसे छोटा था। बड़ा भाई श्याम महतो व दूसरे नंबर पर भोला महतो है। सभी का भरा पूरा परिवार है।

बताया जा रहा है कि तीनों मृतक को बड़े भाई के पुत्र मंटू कुमार के द्वारा तीनों को मुखग्नि दिया गया। गांव से एक साथ निकली तीनों की अर्थी को देख पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा।



## न्यूज ब्रीफ

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कानून अनुपालन एजेंसी मौन

**सिल्ली :** सिल्ली में आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन हो रहा है । सूत्रों की माने तो रात के अंधेरे में एक राजनीतिक पार्टी के एजेंटों द्वारा मतदाताओं को वोट का गारंटी के लिए मोटी मोटी रिश्वत दिया जा रहा है और बेवजह परेशान किया जा रहा है। किसी किसी गांव में तो मंदिर बना देने का वादा किया जा रहा है। इतना ही नही बिना अनुमति का जबरन झंडा और बैनर लगा दिया जा रहा है बताया जाता है कई मकान मालिकों ने झंडा बैनर लगाने का विरोध भी किया है फिर भी दबंगाई से पार्टी का झंडा लगा दिया गया है। क्षेत्र में अवैध शराब की चुलाई और बिक्री पूर्व की तरह यथावत जारी है। जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कानून अनुपालन एजेंसियों को निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए कड़ाई से सख्ती से नियमों का पालन कराने को कहा है।

### संत जेवियर्स कॉलेज की टीम शक्ति ने जीता दूसरा पुरस्कार



**रांची :** सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, राचीं में आयोजित नाटक मंचन प्रतियोगिता में संत जेवियर्स कॉलेज की टीम शक्ति नाट्य मंडली ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दूसरा पुरस्कार जीता। नाटक में विभिन्न टीमों ने नाट्य मंचन किया। कॉलेज की नुक्कड़ नाटक मंडली ने भी शानदार प्रदर्शन किया। टीम शक्ति के कलाकारों ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ाएसजे से मिलकर कर उपलब्धि की जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दी। मौके पर मंडली के सभी कलाकार उपस्थित रहे।

### एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान



मुरीः सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में चुनाव को देखते हुए एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया,जिसमें छोटे बड़े सभी गाड़ियों रोक कर कागजों की जांच के अलावा गैरकानूनी चीजों कि भी जांच किया गया। प्रभारी के अनुसार कई को फाइन भी किया। ज्ञात हो राजनीति दलों झंड़े लगे गाड़ियों की भी रोककर जांच की गयी।

### पुराने भाजपाइयों ने बाघमारा से निर्दलीय रोहित यादव को दिया समर्थन

**धनबाद :** कतरास के पुराने भाजपाइयों ने बाघमारा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो का विरोध करते हुए निर्दलीय रोहित यादव को समर्थन देने की घोषणा की है. कतरास में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रभात मिश्रा व विनय सिंह ने कहा कि दिन में जय श्रीराम और रात में लाल सलाम करने वाले धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो बाघमारा में राजतंत्र स्थापित कर चिटाही को राजकिला बनाने का प्रयास कर रहे हैं. सभी पुराने भाजपाई इस गलत मनसा को पूरा नहीं होने देंगे. हमलोग 1988 से भाजपा से जुड़े हैं और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं. ढुल्लू महतो ने पार्टी आलाकमान को दिग्भ्रमित कर अपने भाई शत्रुघ्न को भाजपा का टिकट दिलाया है. पुराने भाजपाई बाघमारा विधानसभा में परिवारवाद के खिलाफ हैं. भाजपा के ज्यादातर पदाधिकारी व कार्यकर्ता शत्रुघ्न महतो का विरोध कर रहे हैं. कहा कि भाजपा का एकझ्एक कार्यकर्ता बाघमारा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित के साथ है भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो को हराने का काम करेंगे.

भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रवक्ता रहे हांजला बीन हक ने कहा कि कि सांसद ढुल्लू महतो व भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न भाजपा के मजदूर संगठन को धनबाद से मिटाना चाह रहे हैं और लाल पार्टी के मजदूर संगठन एटक को मजबूर करने में लगे हैं. मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा, मुखिया प्रिंकी देवी, सिनीडीह मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, डब्लू महथा, बेबी चटर्जी, रजनी देवी, सोनू शर्मा, विजय हजारी, ज्योति सिंह समेत अन्य भाजपाई मौजूद थे.

### चंपाई सोरेन ने भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम के लिए मांगा वोट, किया रोड-शो

गोड्डा : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम के समर्थन में शनिवार को ललमटिया रोडझ्शो किया. उन्होंने लोगों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की. रोड-शो में कार्यकताओं व जनता का हुजूम सड़कों पर उमड़ पड़ा. रोड-शो मुख्य मार्गां से गुजरता हुआ ललमटिया चौक पहुंचा. यहां सभा को संबोधित करते चंपाई ने कहा कि झामुमो को जेबी पार्टी बना दिया गया है. आदिवासियों के कल्याण और उसके विकास का वादा कर सत्ता में आए हेमंत सोरेन कुर्सी मिलते ही आदिवासी विरोधी हो गए. राज्य में लूट की संस्कृति हावी हो गई. आदिवासी का अस्तित्व बचाने और उनकी संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने जनता से झामुमो को सत्ता से बाहर करने की अपील की.

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा ने किया रोड-शो

**पाकुड़ :** झारखंड में दूसरे और अंतिम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अब अंतिम चरण में पहुंच गया है. भोजपुरी फिल्मों की अभिनेत्री अक्षरा सिंह भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए शनिवार को गोड्डा पहुंचीं. उन्होंने परसपानी मैदान में आयोजित समारोह में भाग लिया और जनता से भाजपा प्रत्याशी अमित मंडल के लिए वोट मांगा. अक्षरा सिंह को देखने-सुनने के लिए हजारों की भीड़ जुटी थी. कई युवा तो सेल्फी लेने के चक्कर में मंच पर पहुंच गए. इसके बाद अक्षरा ने रोड-शो किया. उमड़ी भीड़ को देख अक्षरा ने कहा कि आपलोगों का प्यार देख मर करा रहा है कि यहीं बस जाऊं. इस अवसर पर प्रत्याशी अमित मंडल ने कहा कि लोगों से गोड्डा में अमन-शांति कायम रखने और विकास के बचे कामों को पूरा करने के लिए एक बार फिर सेवा का मौका देने की अपील की.झारखंडी पर्यटन स्थल

रोड-शो में खुले वाहन पर अक्षरा सिंह के साथ अमित मंडल भी सवार थे. रोड-शो शहर के सरकंडा चौक होते हुए रौतारा चौक तक गया. इस दौरान सड़क के दोनों किनारे खड़े हजारों की संख्या में फैंस का अभिनेत्री ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया.

मुख्यमंत्री सोरेन का बड़ा एलान, कहा

# झारखंड के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम 'भगवान बिरसा मुंडा-भगवान सिदो कान्हू' रखेंगे

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम भगवान बिरसा मुंडा-भगवान सिदो कान्हू रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सरकार सत्ता में आती है तो इस संबंध में निर्णय पहली कैबिनेट बैठक में लिया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव जारी है। पहले चरण के मतदान के बाद 20 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होने वाला है। नतीजे 23 नवंबर को जारी होंगे।

सोशल मीडिया पर हेमंत सोरेन ने दी जानकारीः सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा, 'भगवान बिरसा मुंडा - भगवान सिदो-कान्हू पुरस्कार' होगा झारखण्ड के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम। आपकी अबुआ सरकार की पहली कैबिनेट का यह पहला फैसला होगा। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें! जय झारखण्ड! 25 साल की उम्र में बिरसा मुंडा की हो गई थी मौतः झारखंड में महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। राष्ट्रपति द्रौपदी



मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश नारायण सिंह समेत कई अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी। बिरसा मुंडा का जन्म 1875 में हुआ था। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया था। महज 25 वर्ष की आयु में ही उनकी मौत हो गई थी। पहले चरण का मतदान समाप्तः झारखंड में विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान बुधवार को खत्म हो गया। पहले दौर में 15 जिलों की 43 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, जहां कुल 683 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे। इसके साथ ही चंपई सोरेन, बन्ना गुप्ता, महुआ माजी, गीता कोड़ा और पूर्णिमा दास जैसै चर्चित चेहरों के सियासी भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया।

## 38 में 13 सीटों पर आधी आबादी दिखा रही दमखम, चार पर महिला प्रत्याशी आमने-सामने



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में दूसरे चरण में 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए 38 सीटों पर जोर-आजमाइश चल रही है। इस चरण की 13 सीटें ऐसी हैं, जहां सीधे तौर पर आधी आबादी अपना दमखम दिखा रही है। इनमें चार विधानसभा सीटों पर सीधे तौर पर महिला प्रत्याशी आमने-सामने हैं। राज्य की हाई प्रोफाइल सीटों में से एक गांडेय से सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी व झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन लड़ रही हैं। उन्हें चुनौती देने के लिए भाजपा ने मुनिया देवी को उतारा है। वहीं, झरिया में कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह और भाजपा की रागिनी सिंह मैदान में हैं। दोनों में देवरानी-जेठानी का रिश्ता है। रामगढ़ में कांग्रेस की ममता कुमारी और एनडीए की सुनीता चौधरी में मुकाबला है। उपचुनाव में सुनीता ने गोला गोलीकांड में दोषी पाए जाने पर विधायकी गंवाने वाली ममता के पति बजरंग महतो को शिकस्त दी थी। ऐसे में मुकाबला रोचक हो गया है।

डुमरी सीट पर भी दो महिलाओं के बीच मुकाबला है। मंत्री जगरनाथ महतो के दिवंगत होने के बाद पत्नी बेबी देवी राजनीतिक विरासत संभाल रही हैं। उपचुनाव में जीतकर बेबी मंत्री बनीं थीं। उन्हें यशोदा देवी चुनौती दे रही हैं। हालांकि, जयराम महतो की दावेदारी से मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार हैं। जामताड़ा में डॉ. इरफान अंसारी के खिलाफ सीता सोरेन रण में हैं। वहीं, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह महगामा से, अपर्णा सेनगुप्ता निरसा से, सिंदरी से तारा देवी, जमुआ से मंजू कुमारी, बोकारो से श्वेता सिंह व जामा से डॉ. लुईस मरांडी चुनाव लड़ रही हैं। पाकुड़ से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशत मैदान में हैं।

### रांची सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी सतर्कता से दायित्व निभाएंः उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन व एसएसपी चंदन कुमार ने सिल्ली व खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उनकी ड्यूटी समझाई। उन्हें निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। मोरहाबादी के आर्यभट्ट सभागार में ब्रीफिंग के दौरान डीसी वरुण रंजन ने कहा कि चुनाव में आपकी भूमिका महत्त्वपूर्ण है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पूरी सक्रियता से अपने दायित्यों का निवर्हन करें। वोटिंग के बाद ईवीएम वज्रगृह में जमा हो जाने तक आप सभी का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथों पर मतदान के बाद वाहन से पोल्ड ईवीएम को वज्रगृह में लाकर जमा करें। अपने-अपने एआरओ के हमेशा संपर्क में रहेंगे, ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान समन्वय बना रहे।

### देवेंद्रनाथ महतो बाइक रैली बंता से शुभारंभ शुरू



**मुरीः** राज्य विधानसभा चुनाव की प्रचार प्रसार सोमवार को लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सिल्ली रविवार को विधानसभा स्तरीय बाइक रैली का शुभारंभ बंता से किया है। इसकी प्रशासनिक अनुमति भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने बन्ता चौक सिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा माल्यार्पण के साथ बाइक दौरा को आरंभ किया जाएगा। जो राहें,सोनाहातु, सिल्ली और अंनगडा प्रखंड के हेसाडीह, एडरमहातु, सोनाहातु , सिल्ली समेत विभिन्न टोला का रैली किया गया।अपने संगठन के विचारधारा को लोगों में प्रसारित किया जाएगा। बताते चलने की आज टुटकी, कोंचो, मुरी, बिसरीया एवं लोकवाद पंचायत में कार्यकर्ता और समर्थकों ने देवेन्द्र महतो के पक्ष में जीत का नारा लगाया।

## आदिवासी श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से एक की मौत, 20 घायल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** रामगढ़ जिले में आदिवासी श्रद्धालुओं से भरी एक बस के पलट जाने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना बरलंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरुबेरा गांव के पास गोला-मुरी रोड पर हुई। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत सिंह ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब बस लुगुबुरु पहाड़ियों से जमशेदपुर के पोटका जा रही थी। लुगुबुरु पहाड़ी, बोकारो जिले में संथाली जनजाति के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक है। सिंह ने बताया कि बस पलटने के इस हादसे में एक महिला की मौत हो गयी और 20 लोग घायल हो गये।



## पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि महिला हॉकी प्रतियोगिता संपन्न





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आज संबलपुर में खेले गए पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल सेमी फाइनल लीग के अंतिम मैच में भुवनेश्वर के किट विश्वविद्यालय से बराबरी खेल कर चैंपियनशिप पर अपना कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की रांची विश्वविद्यालय की टीम ने सेमीफाइनल के अपने तीनों मैच में बेहतर प्रदर्शन किया अपने पहले मैच में मेजबान संबलपुर को 2-0 से पराजित कर विजय अभियान की शुरूआत की उसके बाद पूर्वांचल विश्वविद्यालय को संघर्षपूर्ण मुकाबले में तीन के मुकाबले पांच गोलों से पराजित कर अपना विजय अभियान को जारी रखा। आज अंतिम लीग मैच में कट विश्वविद्यालय के साथ बराबरी कर कुल पांच अंकों के साथ चैंपियनशिप पर अपना अधिकार जमाया इस जीत के साथ रांची विश्वविद्यालय की टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए पात्रता हासिल कर ली यह प्रतियोगिता जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय दिल्ली में खेले जाएंगे । विश्वविद्यालय की इस जीत पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा,डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ,प्रोफेसर मुकुंद मेहता, प्रीतम कुमार अजय प्रकाश ,खेल कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता ,अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक पूर्व शारीरिक शिक्षा निदेशक शेखर बॉस ,जयकुमार सिंह, विजय वर्मा ,राजेश सिंह ,चंचल भट्टाचार्य ,धीरज महतो, अनिल कुमार ,लंकेश मुंडा, नारायण बिना ,कुमुद, रंजन ,विकास कुमार ,समीम और जेंम्स बाला ने टीम के सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षण को बधाई दी है और आगे ऑल इंडिया के लिए शुभकामनाएं दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राकृति की रक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी : शिवराज सिंह



**रांची:** श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा के नेतृत्व में भारत सरकार के कृषि मंत्री मध्य प्रदेश के तीन-तीन बार मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान के आवास पर उनका स्वागत राम लाल की मूर्ति स्मृति के रूप में देखकर एवं पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर शिवराज जी ने कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने के लिए क्षमा मांगते हुए आगे समिति के किसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी समाज में एक अच्छे उपदेश के लिए कार्य कर रहे हैं ईश्वर आपको और आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करें और वृक्षारोपण प्राकृतिक की रक्षा के लिए बहुत बड़ा कार्य है इसे जारी रखें। कृषि मंत्री से मिलने वालों में राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा उपाध्यक्ष प्रिंस पांडे ,जितेंद्र बरनवाल, महामंत्री नम्रता सोनी कोषाध्यक्ष कुमुद पांडे ,रेणुका पासवान ,विवेक कुमार विनय ठाकुर, महेश विजय, संजय सुल्तानिया ,प्रिया सिन्हा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### लायंस क्लब का मधुमेह जागरूकता अभियान



**रांची:** आज लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सीमा बाजपेयी के आह्वान पर लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया के नेतृत्व में सातवें दिन भी मधुमेह जागरूकता अभियान राँची के मोराबादी मैदान में चलाया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगो का निःशुल्क मधुमेह एवं ब्लड प्रेशर जांच कर उन्हें इनसे होने वाली समस्यों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल के डॉक्टर आदित्य अनुराग ने अपनी टीम के साथ लगभग 100 लोगों का ब्लड सुगर लेवल एवं ब्लड प्रेसर की जाँच की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से लायंस क्लब के रीजन चेयर पर्सन लायन प्रेम शंकर मिश्रा,क्लब के सचिव लायन अमित मिश्रा,क्लब के मीडिया प्रभारी लायन शिव किशोर शर्मा,सदस्य लायन प्रशांत कुमार सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने अपना भरपूर सहयोग किया।

### चैती दुर्गा मंदिर में भोग का वितरण, उमड़े श्रद्धालु



**रांची :** भुताहा तालाब के श्री चैती दुर्गा मंदिर में पिछले 5 वर्षो से प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुताहा तालाब में भोग वितरण किया गया। 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया और हजारों की संख्या हजारों के साथ भक्तगण ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया । भुताहा तालाब में लंबी-लंबी कतारें लगी थीं। जिसमें चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू एवं अध्यक्ष शंकर दुबे द्वारा वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष चन्द्र मिश्रा द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया जिसमें खिचड़ी अचार, चिप्स, चोखा आदि का वितरण किया गया।इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे,मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह,कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह),राहुल सिंह,नमन भारतीय,विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी,राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक,अभिषेक रजक(बाबू),प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा व एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### करियर में सफलता पाने के लिए सही रास्ते का करें चयन : जयंत

**रांची:** उसुर्लाइन इंटर कॉलेज के दो दिवसीय ग्रैंड एनुअल मीट का मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैक के सचिव जयंत कुमार मिश्रा उपस्थित थे। इस मौके पर जयंत मिश्रा ने कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर उसुर्लाइन कॉलेज का फोकस रहा है। यहां की छात्राओं ने साबित किया है कि वह सिर्फ पढ़ाई ही में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन बहुत जरूरी चीज है और यहां की छात्राओं को बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। वहीं विशिष्ट अतिथि डीइओ विनय कुमार ने कहा कि आज के समय में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें छात्राओं ने अपनी सफलता के झंडे नहीं गाड़े हैं। आज महिलाएं भी फाइटर पायलट बन रही हैं। लेकिन करियर में सफलता मिले, इसके लिए जरूरी है कि आप सही रास्ता चुनें। हर काम पूरी लगन और मेहनत से करें : इंटर कॉलेज की प्राचार्य सिस्टर डॉ मेरी ग्रेस ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने राजा उलातू सेंटर के बारे में विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि वहां पर विज्ञान की पढ़ाई के लिए नयी बिल्डिंग बनी है। वहां पर छात्राओं के लिए एडवांस लैब भी बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए खुश रहना बहुत जरूरी है। जिस काम को करें, उसे पूरी लगन और मेहनत से करें।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मोहित:** इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोह लिया। उन्होंने आंखे खुली हो या हो बंद, ओ ओ जाने जाना,, गुलाबी आंखे जो तेरी देखी शराबी ये दिल हो गया जैसे गीत मनमोहक अंदाज में पेश किये। इसके अलावा मॉडर्न कव्वाली डांस और नागपुरी डांस की भी प्रस्तुति हुई। छात्राओं ने सुदामा और कृष्ण की दोस्ती पर स्किट पेश किया।

### रांची पुलिस की कार्रवाई पर बोले हिमंता विस्वा सरमा बोले

# जहां अमित शाह ठहरे थे वहां क्यों मारा गया छापा

मेट्रो रेज



रांची: कुछ दिन पहले रांची पुलिस ने राजधानी मेंस्थित सरला बिरला स्कूल सहित एक रिसॉर्ट, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय एक और बीजेपी नेता के ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान उन्हें कुछ बरामद नहीं हुआ। अब इस मामले में भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रूके थे, वहां झारखंड पुलिस ने छापा मारा। लेकिन, उन्हें वहां कुछ नहीं बरामद हुआ। यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। रांची के एसएसपी को इसका जवाब देना होगा।

**हिमंता विस्वा सरमा ने किया जीत का दावा:** हिमंता विस्वा सरमा शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में हमारा अच्छा प्रदर्शन हुआ है। दूसरे चरण के चुनाव में मौसम और खुला-खुला है। हम उम्मीद करते हैं धनबाद, संताल समेत हर जगह से एनडीए की जीत होगी। इस बार झारखंड में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

**गुलाम अहमद मीर के बयान पर क्या बोले हिमंता विस्वा सरमा:** पत्रकारों ने जब हिमंता विस्वा सरमा से कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बयान को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि अगर आप मुसलमानों को 450 रुपये में सिलेंडर देते हैं, तो इसमें हमें आपत्ति नहीं है। लेकिन, आप घुसपैठियों को सिलेंडर देने की बात करेंगे, तो हम उन्हें कुर्सी से हटा देंगे। हिमंता विस्वा सरमा ने राज्य की जनता से अपील किया है कि वे झारखंड में रोटी, बेटी व माटी को बचाने के लिए भाजपा को वोट दें।

**बीजेपी प्रवक्ता ने पहले ही सरकार पर बोला था हमला:** रांची पुलिस की छापेमारी पर बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने सरकार पर राज्य के प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थाओं को टारगेट करने का आरोप लगाया था। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जिस तरीके से शिक्षण संस्थानों में छापेमारी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि राज्य सरकार अपनी हार से बदहवास होकर किसी भी हद तक नीचे गिर जा रही है। कुछ दिन पहले झामुमो के प्रवक्ता ने भी प्रेस वार्ता में नामकुम और टाटीसिल्वे में स्थित इन विश्वविद्यालयों पर राजनीतिक टिप्पणी की थी। इसके बाद पुलिस का रेड पड़ गया। साफ दिख रहा है कि पुलिस झामुमो के इशारे पर चल रही है।

### एनडीए प्रत्याशियों पर जानलेवा हमले करवा रही है झामुमो और कांग्रेस



**रांची :** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है झामुमो और कांग्रेस हार की हताशा में एनडीए प्रत्याशियों पर जानलेवा हमले करा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि पाकुड़ विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम पर बम से किया गया जानलेवा हमला इसी बौखलाहट का परिणाम है। श्री मरांडी ने लिखा कि स्वस्थ लोकतंत्र में ऐसे हमलों की कोई जगह नहीं है। धनबल के सहारे चुनाव प्रभावित करने का कोशिश करने वाले झामुमो-कांग्रेस को जनता करारा जवाब देगी। मांग की कि चुनाव आयोग उक्त मामले का संज्ञान लेकर घटना में संलिप्त सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करें।

## वाजपेयी सरकार ने झारखंड के अधिकारों को रौंदा : हेमंत सोरेन



**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा की तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा। सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट पर आगे लिखा है कि वृहद झारखंड को अलग अलग टुकड़ों में अन्य राज्य में रहने दिया। अब भाजपा झारखंड को टुकड़े टुकड़े करना चाहती है। भाजपा सासंद संसद में बयान देते है कि संथाल को अलग कर देंगे।

उड़ीसा के मुख्यमंत्री को सरायकेला खरसावां उड़ीसा में चाहिए: सोरेन ने लिखा कि उड़ीसा के मुख्यमंत्री को सरायकेला खरसावां उड़ीसा में चाहिए। पर झामुमो और मेरे खून का एक-एक कतरा तब तक इनसे लड़ेगा, जब तक ये हार नहीं जाते। झारखंड एक था, एक है और एक रहेगा। राज्य की मंईयां ने तानाशाहों के खिलाफ उलगुलान का आह्वान कर दिया है। कहा कि झारखण्ड के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम भगवान बिरसा मुंडा, भगवान सिदो-कान्हू के नाम पर होगा। अबुआ सरकार की पहली कैबिनेट का यह पहला फैसला होगा।

### सीएम हेमंत सोरेन की छवि बिगाड़ने के आरोप में दो प्राथमिकी दर्ज

**रांची:** झारखंड पुलिस ने दो सोशल मीडिया एकाउंट के ऑपरेटर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इन ऑपरेटर्स पर आरोप है कि उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूरे राज्य की छवि को बदनाम करने के लिए एक संगठित अभियान चलाया। यह कदम तब उठाया गया जब मुख्यमंत्री सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मुख्यमंत्री और राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से शैडो (छाया) अभियान चलाने का गंभीर आरोप लगाया।

### झारखंड की खनिज संपदा बेचना चाहती है बीजेपी : सुप्रियो

**रांची:** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को देवघर में प्रेस वार्ता किया। कहा कि आज देश के गृह मंत्री फिर से संताल दौरे पर थे। कहा कि बीजेपी के शीर्ष नेताओं को अब गांव के लोग भी सुनना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसिलए इनको बार-बार झारखंड आना पड़ रहा है। कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने हमारे नेता हेमंत सोरेन से कुछ प्रश्न किये हैं। अब हेमंत के सामने तो ये सवाल जाने से रहे। ये उनसे सवाल पूछ भी नहीं सकते हैं। इसलिए मैं ही गृह मंत्री के प्रश्नों का जवाब दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि ये लोग आदिवासी सम्मान की बात करते है ।

कहा कि अमित शाह ने बताया कि उनहोंने सबसे पहले देश में आदिवासी राष्ट्रपति बनाया। कहा कि इससे पहले कभी ये चर्चा नहीं होती थी कि राष्ट्रपति किस धर्म या जाति से हैं। जब रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति आने तब से इस तरह की बात शुरू हुई। कोविंद दलित समाज से आते थे। कहा कि इस तरह से इस पद का भी राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है। इसी तरह से उन्होंने कहा कि घुसपैठ रोकना केंद्र का काम था। लेकिन हक नहीं रोक पाये। उन्होंने कहा कि लेकिन कथित घुसपैठियों को राशन कार्ड देने का काम हेमंत सरकार ने किया। कहा कि जब केंद्र यानी गृह मंत्री ये मान रहे हैं कि घुसपैठ हुआ है तो आप क्यों कुर्सी पर बैठे हैं। आपको इस्तीफा दे देना चाहिये।

## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 का सफलतापूर्वक समापन

मेट्रो रेज



**रांची:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय परिसर के सभागार में आयोजित भव्य समापन समारोह के साथ अपने सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीएमडी, सीसीएल निलेन्दु कुमार सिंह, पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त) हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/संचालन) एसके झा, निदेशक (तकनीकी/पी एंड पी) पंकज कुमार, सीवीओ एवं डीआईजी सीआईएसएफ सुमन्तो सिंह और अन्य शीर्ष प्रबंधन अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों की एक बड़ी संख्या कार्यक्रम में उपस्थित थे।

इस अभियान संगठन के भीतर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। कर्मचारियों को नैतिक प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए सेमिनार, कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीसीएल कमांड के तहत सभी क्षेत्रों को पुरस्कारों का वितरण था। जिसमें सतर्कता जागरूकता पहल में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी गई। सर्वश्रेष्ठ नोडल अधिकारी के तौर पर चंदन कुमार, उप प्रबंधक (सीडी), कथारा क्षेत्र एवं सर्वोत्तम क्षेत्र का प्रथम पुरस्कार मगध और संघमित्रा, दूसरा पुरस्कार बरका-सयाल क्षेत्र एवं तीसरा पुरस्कार गिरिडीह क्षेत्र को प्रदान किया गया। साथ ही संबद्ध विभागों के लिए पुरस्कार की श्रेणी में सीसी एवं पीआर, प्रशासन, मानव संसाधन विकास, ई एंड टी,एवं राजभाषा शामिल हैं। इसी प्रकार अन्य श्रेणीयों में भी भिविन्न विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए।

इस अवसर पर सीवीओ सीआईएल ने भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण बनाए रखने में सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और उनसे ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। सीएमडी सीसीएल ने पारदर्शिता और नैतिक आचरण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला और जोर दिया कि सीसीएल अपने सतर्कता तंत्र को मजबूत करने और सभी स्तरों पर नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से कंपनी का लक्ष्य एक मजबूत सतर्कता पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो इसके हितों की रक्षा करता है और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देता है।

इस मौके पर सभी गणमान्य द्वारा सतर्कता विभाग की स्मारिका का भी विमोचन किया। बता दें कि 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक तीन महीने चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 का उद्देश्य सभी को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा सहित देश के अन्य जाने-माने कवियों ने अपने शब्दों से दर्शकों का मन मोह लिया।

### दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट

## संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा को ओवरऑल चैंपियन का खिताब



**रांची:** सोसाइटी ऑफ जीसस रांची प्रोविंस के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट चक्रव्यूह 2024 शनिवार को होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में संपन्न हो गया। इस मीट में झारखंड और असम के 35 स्कूलों के खिलाड़ियों ने दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, ट्रिपल जंप जैसी स्पधाओं में हिस्सा लिया। संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा ने इस मीट में ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इसके बाद संत इग्नेशियस स्कूल हाई स्कूल गुमला, संत जोसेफ प्लस टू स्कूल और संत मेरीज इंटर कॉलेज का स्थान रहा। मुख्य इवेंट्स 3000 मीटर सीनियर बालक वर्ग में नितिन आदर्श लकड़ा ने स्वर्ण पदक जीता। 400 मीटर सीनियर बालक वर्ग में संत जोसेफ प्लस टू स्कूल के अभिजीत कुजूर ने स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में संत जेवियर्स डोरंडा की श्रुति सपना टुटी, हाई जंप सीनियर ब्वायज में संत इग्नेशियस के मोजेश किंडो ने स्वर्ण जीता। रिले दौड़ में संत इग्नेशियस गुमला ने जूनियर बालक वर्ग और सीनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 800 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में सेंट पैट्रिक इंटर कॉलेज गुमला की रोशनी खान ने स्वर्ण पदक जीता।

समापन समारोह में गुमला डायोसिस के स्कूल निरीक्षक फादर जफरानियस तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में फादर तिर्की ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए पढ़ाई और खेलों के बीच संतुलन बनाना बहुत जरूरी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम केवल मस्तिष्क ही नहीं बल्कि शरीर का भी पोषण करते हैं। इससे अनुशासन और संकल्प का विकास होता है। आयोजन सचिव फादर एग्नासियस लकड़ा ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा का ही नहीं बल्कि एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का भी है।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची
(जिला निर्वाचन शाखा)

आम सूचना

भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 437/6/INST/ECI/FUNCT/MCC/2024(CAMPAIGN), के दिनांक 02.01.2024 द्वारा निदेशित किया गया है कि After the closure of campaign period no campaign can take place within the constituency, presence of political functionaries/party workers/procession functionaries/ campaign functionaries etc. who have been brought form outside the constituency and who are not voters of the constituency, should not continus to remain present in the constituency as their continued presense alter campaign ends may undermine the atmosphere for free and fair poll.

उक्त के आलोक में राँची जिला के अंतर्गत 61– सिल्ली एवं 62– खिजरी(अ०ज०जा०) विधानसभा के सभी अभ्यर्थी/सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी/कार्यकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि :–

यदि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति/कार्यकर्त्ता इस अवसर पर बाहर से चुनाव प्रचार के लिए आये हैं तथा 61– सिल्ली एवं 62– खिजरी(अ०ज०जा०) विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत के मतदाता या अभ्यर्थी नहीं हैं, तो वे दिनांक–18.11.2024 को अपराह्न 05:00 बजे के पश्चात् निर्वाचन क्षेत्र से बाहर चले जायेंगे।

उक्त अवधि के बाद प्रचार–प्रसार करते हुए पाये जाने या 61– सिल्ली एवं 62– खिजरी(अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बाहर के राजनीतिक व्यक्ति/कार्यकर्त्ता उक्त दो विधानसभा क्षेत्र में मौजूद पाए जाने पर RP Act 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह–उपायुक्त, राँची

PR 340153 Ranchi(24-25)#D

## दोधारी तलवार है सोशल मीडिया, रिश्तों को बनाने और बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ता



**हो सकता है** कि आप हर सेकंड खुद को सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए पाएं। इसमें कोई शक नहीं है कि कोविड लॉकडाउन के बाद, सोशल मीडिया हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। लेकिन क्या हमें वाकई सोशल मीडिया को अपनी ज़िंदगी में उतनी जगह देनी चाहिए जितनी हम अभी देते हैं? कई मायनों में, सोशल मीडिया उपयोगी है। यह हमें दोस्तों और परिवार के साथ जुड़े रहने में मदद करता है, मनोरंजन प्रदान करता है और हमें ताजा खबरों से अपडेट रखता है। हालाँकि, जैसा कि कहा जाता है, 'किसी भी चीज की अति बुरी होती है', एक बार जब हम स्क्रॉल करना शुरू कर देते हैं, तो अक्सर सीमाएं तय करना भूल जाते हैं। हम अपने फोन की स्क्रीन को घूरते हुए घंटों बिता देते हैं और हमें समय का पता ही नहीं चलता है।

इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि सोशल मीडिया हमारे रिश्तों को प्रभावित कर रहा है। हम अक्सर अपने आस-पास के लोगों की तुलना में अपने फोन पर ज्यादा ध्यान देते हैं। यहां तक कि हम जब अपने करीबियों या दोस्तों के साथ होते हैं, तब भी विचलित रहते हैं, लगातार अपडेट या नोटिफिकेशन चेक करते रहते हैं। करीबियों और दोस्तों से अच्छी बातचीत करने और पल का आनंद लेने के बजाय, हम ऑनलाइन दुनिया में खोए रहते हैं। इस वजह से रिश्तों की गुणवत्ता खराब हो रही है। जब कोई व्यक्ति साथ में समय बिताने की बजाय सोशल मीडिया पर ज्यादा ध्यान देता है, तो पार्टनर खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं। कल्पना करें कि आप किसी के साथ शारीरिक रूप से हैं, लेकिन पूरी तरह से अकेला महसूस कर रहे हैं क्योंकि उनका दिमाग कहीं और है, स्क्रीन से चिपका हुआ है। हमें खुद से पूछना चाहिए: क्या सोशल मीडिया वाकई उन लोगों के साथ हमारे वास्तविक संबंधों से ज्यादा महत्वपूर्ण है जिनकी हम परवाह करते हैं?

**रिश्तों पर सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव :**

**जुड़े रहना:** सोशल मीडिया लोगों को दूर रहने पर भी संपर्क में रहने में मदद करता है। इससे लंबी दूरी के रिश्तों को संभालना आसान हो गया है। कपल सोशल मीडिया की मदद से एक-दूसरे को अपडेट साझा कर सकते हैं, वीडियो कॉल कर सकते हैं और तुरंत संदेश भेज सकते हैं।

**खास पलों को साझा करना:** लोग अपने खास पलों, जैसे जन्मदिन, सालगिरह या व्यक्तिगत उपलब्धियों को दोस्तों और परिवार के साथ साझा कर सकते हैं। इससे पार्टनर एक-दूसरे की रोजमर्रा की ज़िंदगी में शामिल महसूस कर सकते हैं।

**प्यार और स्नेह व्यक्त करना:** सोशल मीडिया सार्वजनिक रूप से प्यार और प्रशंसा दिखाने का एक स्थान हो सकता है, जैसे साथी के जन्मदिन या सालगिरह पर दिल से संदेश पोस्ट करना या कुछ और। इस तरह के छोटे-छोटे इशारे लोगों को खास और मूल्यवान महसूस करा सकते हैं।

**साझा रुचियों की खोज:** साथी सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से साझा रुचियों, शौक और आपसी दोस्तों का पता लगा सकते हैं। यह उन्हें करीब ला सकता है और उन चीजों को करने में अधिक गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है जो उन्हें दोनों पसंद हैं।

**रिश्तों पर सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव:** गुणवत्तापूर्ण समय की कमी: लोग अक्सर अपने फोन में इतने खो जाते हैं कि वे अपने साथी को अनदेखा कर देते हैं। यह वास्तविक जीवन में एक-दूसरे से जुड़ने में लगने वाले समय को कम करता है। इसके अलावा यह अच्छी बातचीत के जरिए बनने वाले भरोसे की नींव कमजोर कर देता है।

**ईर्ष्या और असुरक्षा:** सोशल मीडिया पर किसी साथी को दूसरों के साथ बातचीत करते देखना या अपने रिश्ते की तुलना दूसरों के ऑनलाइन रिश्तों से करना ईर्ष्या और असुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है। पोस्ट या टिप्पणियों की गलतफहमी रिश्ते में अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती है।

**लगातार तुलना:** सोशल मीडिया अक्सर जीवन का एक आदर्श संस्करण पेश करता है। जब लोग अपने रिश्तों की तुलना ऑनलाइन दिखने वाले बेहतरीन रिश्तों से करते हैं, तो वे असंतुष्ट या अपर्याप्त महसूस कर सकते हैं, भले ही कोई वास्तविक समस्या न हो।

# भूल से भी पत्नी से न कहें कुछ बातें, रिश्ते में हमेशा के लिए आ जाएगी कड़वाहट

**भारत** में वैवाहिक जीवन को जन्मों का रिश्ता माना जाता है। पति और पत्नी एक दूसरे के पूरक होते हैं। दोनों मिलकर परिवार बनाते हैं, जिसमें प्रेम और लगाव होने से ये रिश्ता जीवनभर मधुरता से निभाया जा सकता है। हालांकि ये कमजोर डोरी से बंधा होता है, जिसमें अगर कुछ बातों का ध्यान न रखा जाए तो रिश्ते में कड़वाहट आने लगती है। ऐसे में पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होने लगता है और दूरी आने लगती है। कई मामलों में तो रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है।

अगर आप चाहते हैं कि जीवनसाथी के साथ आपका मधुर सबंध बना रहे तो कुछ गलतियों को करने से बचें। ये लेख शादीशुदा पुरुषों के लिए है। वह अक्सर अनजाने में अपनी पत्नी से कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं, जो उनके रिश्ते में दरार ला सकती है। भले ही आप अपनी पत्नी को कितना भी प्यार करते हों लेकिन 7 ऐसी बाते हैं जो किसी भी पति को अपनी पत्नी से नहीं कहनी चाहिए। भूल से भी पति अपनी पत्नी से न कहें ये 7 बातें।




**पत्नी के लुक्स का मजाक:** अक्सर पति अपनी पत्नी के शारीरिक बनावट को लेकर मजाक बनाते हैं। वह मजाक में पत्नी को मोटा, पतला या उनकी हाइट को लेकर छोटा बोल जाते हैं। इसे बॉडी शेमिंग कहते हैं जो किसी भी महिला को पसंद नहीं आती, चाहे वह उनका पति ही क्यों न कर रहा हो। पति जब उनके शरीर या सुंदरता को लेकर बातें करते हैं तो पत्नी के अंदर आत्मविश्वास की कमी आने लगती है और वह आपसे दूरी महसूस करने लगती है।

**मां से तुलना :** मां के हाथ के खाने का कोई जवाब नहीं लेकिन जब एक पति अपनी पत्नी की कुकिंग स्किल की तुलना अपनी मां से करता है तो किसी भी पत्नी को ये बात पसंद नहीं आती। एक पत्नी बहुत प्रेम से अपने पति के लिए खाना बनाती है लेकिन जब पति ये बोल जाता है खाना बनाने में उनकी मां की बराबरी कोई नहीं कर सकता, या मां से पूछ लो कि उनकी पसंदीदा डिश कैसे बनेगी ये उनकी पत्नी की मेहनत पर पानी फेर देता है। उन्हें महसूस होने लगता है कि वह कितना भी लजीज खाना बना दें, उनके पति को कभी पसंद नहीं आएगा।

**पत्नी को शांत रहने को बोलना:** अक्सर ससुराल में कई ऐसी बातें हो जाती हैं जो पत्नी को दुखी कर सकती हैं। एक पत्नी उम्मीद करती है कि पति उनके दुख को समझेंगे और साथ देंगे लेकिन जब पति पत्नी से शांत रहने को बोल देते हैं या पत्नी से कहते हैं कि वह ओवररिएक्ट कर रही हैं तो पत्नी हताश हो जाती है। उन्हें लगता कि पति उनके दुख को समझना नहीं चाहते हैं। इस कारण वह भावनात्मक तौर पर पति से दूर होने लगती हैं।

**परिवार में एडजस्ट करो:** हर पति अपनी पत्नी से उम्मीद करता है कि वह उनके परिवार में एडजस्ट करें। विषम परिस्थितियों में भी खुद को ढालने की कोशिश करें। एक महिला खुद ये प्रयास करती है कि वह पति के परिवार से तालमेल बिठाए और परिवार में शांति बनी रहे। लेकिन जब पति पत्नी ये बोलता है तो उन्हें ये बात अच्छी नहीं लगती है। पति का ये कहना कि उनके परिवार और परिस्थिति में एडजस्ट करना सीखो, पत्नी को महसूस कराता है कि पति कभी उनका साथ नहीं देंगे।

## डायबिटीज और वेट लॉस के लिए रामबाण हैं सफेद मेवा



**नट्स** यानी सूखे मेवों को सुपरफूड्स कहा जाता है। क्योंकि इनमें तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं। बादाम, काजू, पिस्ता, किशमिश, अखरोट और अंजीर आदि में प्रोटीन, मिनर, मैग्नेशियम, विटामिन, कॉपर, फॉलिक ऐसिड, बी-कॉम्प्लेक्स, जिंक आदि पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। लेकिन इससे भी ज्यादा सफेद मेवे सबसे ज्यादा फायदेमंद होते हैं। आम भाषा में इसको चिलगोजा कहा जाता है।

हालांकि काजू-बादाम की तरह यह हर घर में नहीं पाया जाता है, क्योंकि यह बहुत महंगा होता है। यह मेवा एक फल का बीज होता है, जो भूरे रंग का होता है। यह बीज सफेद रंग के लंबे आकार के होते हैं। आप भूनकर, स्मूदी या फिर सैलेड में डालकर इसका सेवन कर सकते हैं। इनका सेवन करने से मोटापा, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल आदि की बीमारी नहीं होती है। साथ ही यह हमारे दिमाग को भी मजबूत बनाने के काम करता है।




वेट लॉस में फायदेमंदः पाइन नट्स में पाए जाने वाले फैटी एसिड वेट मैनेज के लिए अच्छा माना जाता है। इसमें फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो हमारे पेट को लंबे समय तक भरा रखते हैं। हालांकि नट्स में हाई कैलोरी पाई जाती है, लेकिन इसका सेवन करने से वेट नहीं बढ़ता है।विटामिन और फूड सप्लीमेंट खरीदें

बढ़ाता है ब्रेन की ताकतः पाइन नट्स ने ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो दिमाग को तेज करता है। साथ ही यह डिमेंशिया और अवसादग्रस्त लक्षणों के जोखिम को भी कम करने में सहायक होता है। पाइन नट्स में 31.4 मिलीग्राम ओमेगा 3 पाया जाता है। महिलाओं को रोजाना 1.1 ग्राम और पुरुषों को 1.6 ग्राम ओमेगा-3 का सेवन करना चाहिए।

**ब्लड शुगर लेवल में सुधारः** एक स्टडी की मानें, तो सफेद मेवे का सेवन करने से शुगर लेवल में गिरावट आती है। अगर आप कार्ब युक्त भोजन छोड़कर असंतृप्त वसा जैसे कि पाइन नट्स का सेवन करते हैं, तो यह ब्लड शुगर लेवल पर अच्छा प्रभाव दिखेगा। वहीं रोजाना 28 ग्राम पाइन नट्स का सेवन करने से 109% मैंगनीज प्रदान करता है। जो डायबिटीज के खतरे को कम करता है।



## खूबसूरत ट्रेन नजारे की यात्रा पर जाना चाहते हैं, तो साउथ इंडिया के रेल रुट लें मजा

**प्रत्येक** दिन लाखों लोग ट्रेन में सफर जरुर करते हैं। ट्रेन से सफर तय करने का सबसे बेहतरीन साधन है। अगर आपको भी ट्रेन से सफर करना पसंद है तो आज हम आपको इस लेख में बताएंगे कि साउथ इंडिया की खूबसूरत ट्रेन रुट्स के बारे में, जहां आप भी कर सकते हैं सफर। जब आप इन ट्रेन रुट्स से गुजरेंगे तो आपको ऐसा लगेगा कि एक पल के लिए यहीं ठहर जाएं।

**बेंगलुरु से गोकर्ण:** कर्नाटक के गोकर्ण सिर्फ वहां के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि देश के शिव भक्तों और समुद्र तट के प्रेमियों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं जगह। जब बेंगलुरु से गोकर्ण के लिए सीधी ट्रेन जाती है, तो रास्ते में आपको हरे-भरे कॉफी बागानों और सुंदर पुलों का नजारा देखने को मिलेगा। इस ट्रेन रुट का पूरा रास्ता आपके घने हरे-भरे जंगलों से जाता है। यदि आप इस रुट से यात्रा का प्लान कर रहे हैं, तो कारवार एक्सप्रेस से यात्रा का प्लान बना सकते हैं। यह ट्रेन हफ्ते में 3 दिन चलती है।

**वर्कला से कन्याकुमारी:** गौरतबल है कि कन्याकुमारी साउथ इंडिया में सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। केरल के वर्कला से शुरू होकर कन्याकुमारी तक जाने वाले इस ट्रेन रुट पर प्राकृतिक नजारे से भरे हुए है। इस रुट पर आप ट्रैवल करने के लिए खूब पसंद करेंगे। इस ट्रेन रुट पर सफर करने के दौरान ऐसा लगेगा कि आधे से ज्यादा खूबसूरत वादियों को कवर कर लिया है। आपको बता दें कि आइलैंड एक्सप्रेस वर्कला से कन्याकुमारी तक चलती है। यह ट्रेन करीब 4 घंटों में 127 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

**मेट्टुपालयम से ऊटी:** ऊटी हिल स्टेशन तमिलनाडु का सबसे खूबसूरत है। इस हिल स्टेशन पर कई खूबसूरत ट्रेन रुट्स है, जहां आप प्राकृतिक खूबसूरती देख सकते हैं। यहां पर आप शांत वातावरण के साथ ही हरे-भरे पेड-पौधे देखने को मिलेंगे, जिससे आपको काफी सुकून मिलेगा। आपको बता दें कि, नीलगिरि माउंटेन रेलवे, एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की लिस्ट में भी शामिल है। वही, मेट्टुपालयम से ऊटी ट्रेन करीब 4.75 घंटों में 46 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

# प्याज के छिलकों से घर पर बनाएं हेयर ग्रोथ टोनर, सफेद बाल भी हो जाएंगे काले

**अक्सर** हम फलों और सब्जियों के छिलकों को फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं छिलकों का इस्तेमाल स्किन और बालों के लिए अच्छा माना जाता है। खासकर अगर प्याज के छिलकों की बात की जाए। अनियन ऑयल के बारे में तो आप सबने ही सुना होगा। लेकिन बता दें कि बालों के लिए प्याज के छिलके भी फायदेमंद होते हैं। प्याज के छिलके से आप हेयर ग्रोथ टोनर बना सकते हैं। यह बालों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है और यह बालों को मजबूत होने के साथ लंबा भी करता है। तो आइए जानते हैं कि आप प्याज के छिलकों से हेयर ग्रोथ टोनर कैसे बनाया जा सकता है।




प्याज के छिलकों के फायदेः प्याज के छिलकों में विटामिन ए, ई और सी पाया जाता है। यह बालों के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। इससे बालों की लंबाई की बढ़ती है। अगर आपके बालों की ग्रोथ बढ़नी बंद हो गई है, तो आप प्याज के छिलकों से बने टोनर की मदद से आप हेयर ग्रोथ को बढ़ावा दे सकते हैं। साथ ही यह सफेद बालों को भी रोकता है। ऐसे में आज हम आपको अनियन पील हेयर टोनर बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।



**टोनर सामग्रीः**

पानी- 1 गिलास
एलोवेरा- 1 बाउल
प्याज के छिलके- 1 बड़ा बाउल
चावल- 2 बड़े चम्मच
रोज पेटल- 2 कटोरी
गुड़हल- 1 कटोरी
मेथी- 2 चम्मच
रोजमेरी ऑयल- 2-4 बूंद?

**ऐसे बनाएं हेयर टोनरः**

सबसे पहले एक पैन में पानी के साथ एलोवेरा, चावल, प्याज के छिलके, गुलाब की पंखुड़िया, मेथी बीज और गुड़हल की पत्तियां डालकर उबाल लें। अब पानी को धीमी आंच में तब तक उबालें, जब तक पानी का रंग का गाढ़ा न हो जाए।

फिर पानी को एक बोतल में छानकर रख दें। इसके बाद इस पानी में पानी में रोजमेरी की 2-4 बूंदें डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से प्याज के छिलकों से बना हेयर ग्रोथ टोनर तैयार कर लें। इसको आप नहाने से करीब 1 घंटे पहले या फिर रात को सोने से पहले लगा लें।

**फिर आप हेयर वॉश कर लें।**

गुड़हल के फायदेः बता दें कि गुड़हल के फूल बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। क्योंकि गुड़हल के फूल में एमिनो एसिड पाया जाता है, जोकि केरोटिन बनाता है। यह बालों को शाइन और मजबूती देता है। आप चाहो तो इसको हेयर मास्क की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप घर पर ही गुड़हल के फूलों का तेल भी बना सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### विधानसभा के द्वितीय चरण तैयारी दी गयी जानकारी



**साहिबगंज :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी- सह- सचिव के रवि कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण तैयारी को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में विधान सभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य समहरणालय सभागार स्थित सूचना एवं विज्ञान कार्यालय मे चुनाव के दृष्टिगत कंट्रोल रूम मैनेजमेंट एवं वोट टर्नआउट से संबंधित तैयारी की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती,03 -बरहेट निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 02- बोरियो निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 01- राजमहल निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, श्रम अधीक्षक धीरेन्द्र नाथ महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

### सभी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने को दिया दिशा निर्देश



**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस लाईन मौदान में बन रहे डिस्पैच सेंटर, विधानसभा वार वाहन पड़ाव स्थल का जायजा लिया।इस दौरान पंडाल निर्माण, वाहन पड़ाव स्थल, अस्थाई शौचालय, चलंत शौचालय, पेयजल, बिजली, साइनेज, पुलिंग पार्टियों को दिए जाने वाले नाश्ते सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं सभी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिया।इस दौरान मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, श्रम अधिक्षक धीरेन्द्र नाथ महतो उपस्थित थे।

### पीडीएस दुकानदार ने अंगूठा लगवा लोगों को नहीं दिया राशन

**पलामू :** पाटन प्रखंड के खरोंधा गांव के पीडीएस दुकानदार (डीलर) की मनमानी से ग्रामीण परेशान हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि पीडीएस दुकानदार हरदेव मांझी कार्डधारियों का मशीन में अंगूठा लगवाकर दो महीने का राशन नहीं दिया. लोगों ने इसकी शिकायत पंचायत की मुखिया मंजू सिंह से की. मुखिया ने इस संबंध में बीडीओ व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से दुकानदार की लिखित शिकायत की है. इसमें उन्होंने कहा है कि 50 कार्डधारियों का कहना है कि दुकानदार उन्हें राशन ठीक से नहीं देता है. मौके पर राजेश्वर मांझी, मनीता देवी, जस्मिता देवी, राजू पासवान, चानो कुंवर, देव मुनिया देवी समेत कई पीड़ित कार्डधारी मौजूद थे.

### चंदवा में जंगली जानवर ने 7 मवेशियों को मार डाला

**लातेहार :** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बेलंगा गांव में शनिवार की अहले सुबह एक जंगली जानवर आ धमका. जानवर ने गांव के अरुण यादव व उसके चाचा संतु महतो के सात मवेशियों (गाय व बैल) का शिकार कर लिया. अरुण का दावा है कि जानवर देखने में विशालकाय है और उसकी गर्दन पर लंबे बाल हैं. खबर मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मृत पशुओं की तसवीर ली. कहा कि मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराकर पशु पालकों को मआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी

### चंदवा में हुई गोलीबारी का जिम्मा राहुल सिंह गिरोह ने लिया

**लातेहार :** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के शहरी इलाके में शुक्रवार को गोलीबारी की घटना हुई थी. इस घटना का जिम्मा राहुल गिरोह ने लिया है. सोशल मीडिया पर राहुल सिंह ने घटना का जिम्मा लेते हुए कहा है कि चंदवा थाना क्षेत्र के शहरी इलाके में जो पेट्रोल पंप (मालिक पप्पू सेठ) पर गोलीबारी की घटना हुई है. वह घटना मेरे गिरोह के द्वारा की गयी है.

झारखंड में काम करने वाली कंपनियां, जमीन कारोबारी, कोयला कारोबारी, रोड व रेलवे के ठेकेदार सहित अन्य सभी को खास हिदायत है कि पहले हमसे सेटलमेंट और मैनेज करें उसके बाद ही काम प्रारम्भ करें, वर्ना इससे भी बड़ा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें. कहा कि अमन श्रीवास्तव, अमन साहू गिरोह और विकास तिवारी गिरोह को जितना जल्दी हो सके सभी कोई पैसा देना बंद करो.

### नेतरहाट आवासीय विद्यालय का 71वां स्थापना दिवस मनाया गया

**लातेहार :** झारखंड के प्रसिद्ध नेतरहाट आवासीय विद्यालय का 71वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया. समारोह शुभारंभ मुख्य अतिथि जस्टिस एसएन पाठक व प्राचार्य संतोष कुमार ने विद्यालय परिसर में स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया. इसके बाद विविध कार्यक्रम हुए. प्राचार्य संतोष कुमार ने विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला. कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय की स्थापना भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस पर 15 नवंबर 1954 को हुई थी. इसके बाद से विद्यालय परिवार हर साल 15 नवंबर को अपना स?थापना दिवस मनाता है.

### नक्सलियों ने अमझरिया पुलिस पिकेट के समीप की फायरिंग

**लातेहार :** नक्सलियों ने लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है. प्राप्त सूचना के अनुसार, नक्सलियों ने थाना क्षेत्र के अमझरिया पुलिस पिकेट के समीप गुरुवार की देर शाम पांच राउंड फायरिंग की. जवाब में पुलिस की ओर से भी एक राउंड फायरिंग की सूचना है. ज्ञात हो कि चंदवा थाना क्षेत्र में पिछले करीब दो वर्ष से कोई नक्सली घटना नहीं हुई है.

# असम के एक घुसपैठी मुख्यमंत्री झारखंड में आकर रोटी बेटी माटी की बात करते है : हेमंत सोरेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को उधवा हाई स्कूल मैदान में इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी एमटी के राजा के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने मंच को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि असम के एक घुसपैठी मुख्यमंत्री झारखंड में आकर रोटी बेटी माटी की बात करते है। डबल इंजन की सरकार में लोग भूख से तड़प तड़प कर मरे है। कितने किसानों ने आत्महत्या किया। हमारी सरकार में एक भी गरीब किसानों को भूख से मरने नही दिया। किसानों का दो दो लाख ऋण माफी करने का काम किया है। यूसीसी एनआरसी की बात करने वाले भाजपा के लोगो से पूछो मणिपुर के लोगों को सड़कों पर दौड़ाया जाता है। बेटी की बात करने वाले से पूछो की गुजरात में बिलकेश बानू के दोषियों को जेल से बाहर निकालकर वोट मांगने के लिए जेल से रिहा किया जाता है। पूरे देश में आदिवासी रैयती लोगों को भाजपा वाले ने उजाड़ दिया और विस्थापित कर



दिया है। झारखंड का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ बकाया केंद्र सरकार के पास मांगने पर मुझे षड्यंत्र के तहत ईडी सीबीआई लगाकर जेल भेजने का काम किया है। झारखंड का हक और अधिकार हम लोग लड़कर लेंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के लोग सरकार बनाने के लिए पैसे के दम पर विधायक सांसद को चुरा लेते है। इनके मुंह में इतने जहर है कि उतना जहर सांप के मुंह में नही है। सरकार बनते ही सभी महिलाओं के खाते में 25 सौ रुपए भेजने का काम करेंगे। सभी के बिजली बिल माफी कर आप लोगों के बोझ को अपने कंधे में लेने का काम किया है। पहले चरण की चुनाव में इंडिया महागठबंधन पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। भाजपा की सरकार में किसी का कर्ज माफ नही हुआ।भाजपा ने 20 वर्षों तक सत्ता में रहे लेकिन महिला समूह के बीच मात्र छह सौ करोड़ रुपए बांटे। हम लोगों ने चार साल में ग्यारह हजार करोड़ रुपया महिला समूह के बीच बाटने का काम किया। राजमहल मानिकचक गंगा में पूल का निर्माण कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर रखा है। चाय जाति को एसटी और शेरशाहवादी का जाति, आय प्रमाण पत्र का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने एमटी राजा को रिकॉर्ड मतों से जिताने की मांग की।

## स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन आज करेंगी गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी सह महागठबंधन के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन बरहरवा के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में आज यानी रविवार को इंडिया गठबंधन के समर्पित कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वह हेलीकॉप्टर से हाई स्कूल मैदान में बने स्थाई हेलीपैड पर पहुंचेंगे एवं चुनावी जनसभा को संबोधित कर निशात आलम के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे।सभा स्थल पर बन रहे पंडाल का काम तेजी से किया जा रहा है।पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी प्रखंड एवं पंचायतों से कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद जताई जा रही है।कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जोर शोर से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।उक्त जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान व काँग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने दी है।वहीं उन्होंने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी निसात आलम पाकुड़ विधानसभा में भारी मतों से चुनाव जीतकर बिकास को मुख्य धारा से जोड़ने का काम करेगी,स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन रविवार को हाजारो की संख्या में स्थानीय मतदाताओं को सम्बोधित कर जागरूक करने का काम करेगी।

## टैलेंट सर्च पब्लिक स्कूल सोसायटी कोटालपोखर के द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर टैलेंट सर्च पब्लिक स्कूल सोसायटी ,कोटालपोखर ने विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने पहले करें। मतदान फिर करें जलपान आपका वोट लोकतंत्र की ताकत और एक-एक वोट से बनता है देश का भविष्य जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

सोसायटी के सदस्यों ने घर-घर जाकर मतदाताओं से बातचीत की और उन्हें यह समझाया कि प्रत्येक वोट देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान न केवल एक अधिकार है,बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। मतदाताओं से की अपील कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं से अपील की गई कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अपने परिवार व आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने भी हिस्सा लिया और युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश अभियान के अंत में प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। सोसायटी के प्रबंधक ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति का वोट बेहद महत्वपूर्ण है।इसलिए सभी मतदाता अपने कर्तव्यों को समझें और जिम्मेदारी से मतदान करें।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस व आईटीबीपी ने किया फ्लैग मार्च

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत शांतिपूर्ण व स्वच्छ मतदान को लेकर शनिवार को नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस व आईटीबीपी जवानों ने नगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की।



## चुनावी दौरा में नगर परिषद क्षेत्र में गोदाम वार्ड में जनसंपर्क अभियान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी धनंजय सोरेन अपने चुनावी दौरा में नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नंबर 22 गैस गोदाम वार्ड नंबर 23, 25, 26 ,27 में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जहा उन्होंने लोगो से झामुमो के पक्ष में मतदान करने की अपील।कार्यक्रम में केन्द्रीय समिति सदस्य सह नगर कमेटी के संयोजक मंडली अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव,अनिल यादव,श्रीवास्तव कुमार,आदित्य कुमार यादव,धर्मेंद्र कुमार,रविंद्र कुमार यादव,गोपाल मंडल, धर्मराज मंडल,रवि कुमार,विक्की चौधरी,मुन्ना यादव,राकेश कुमार,शंकर रविदास,रजनीश कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# जनता ने मौका दिया तो वादे के अनुसार करूंगा बिकास : अकील

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा के समाजवादी पार्टी के प्रत्यासी पूर्व विधायक अकील अख्तर ने विधानसभा क्षेत्र के कोटालपोखर स्थित अपने आवासीय राजबाड़ी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनावी घोषणा पत्र अकील की गारंटी जारी करते हुए कहा कि पाकुड़ विधनसभा वर्तमान समय में बिकास के दृष्टिकोण से पूर्ण रुप से पिछड़ा हो गया है,सालों से पाकुड़ विधानसभा की जनता बिकास को मोहताज हो गई है,मौजूदा विधायक द्वारा भोली भाली जनता को झूठ परोसकर केवल ठगने का काम किया है,अगर जनता इस बार हमें मौका देती है तो पाकुड़ विधानसभा जो मुलभुत सुविधा जैसे बिजली पानी सडक और पलायन जैसी समस्याओं से जूझ रही है ,उन्हें अपने ही घरों में सारी सुविधाओं का लाभ दिलाने का काम करूंगा ,पूर्व बिधायक अकील अख्तर ,पुत्र अफीफ असल व उनके मीडिया प्रभारी फरोक एहसान ने संयुक्त रूप से मेनिफेस्टो के आधार पर गारण्टी पर हामी भरते हुए घोषणा पत्र के अनुसार पाकुड़ विधानसभा की जनता को स्वास्थ्य, शिक्षा,रोजगार,सामाजिक



न्याय,बिजली,यातायात रेल सहित अन्य प्रमुख सभी आवश्यक सुविधाओं को मुहैया कराऊँगा,साथ ही सरकार की मौजूदा मैया संम्मान योजना की राशि को 3000 रुपये प्रतिमाह करवाने का प्रयास करूंगा। वहीं पाकुड़ विधानसभा के मोजूदा विधायक व पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि पद पर रहते हुए जहाँ गरीब असहायो के लिए शिक्षा की कोई बात नहीं करता,बेहतर ईलाज की बात नहीं करता,बिजली पानी की बेहतर व्यवस्थाओं की बात नहीं करता वैसे लोगों से क्या बिकास की उम्मीद कर सकते है,जनता अब जाग चुकी है और इस चुनाव में जनता मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।और 2009 से 2014 तक पाकुड़ बिधानसभा से मैं बिधायक रहा था उस वक़्त के बिकास कार्यों को लोग आज भी नहीं भूले है मुख्य रूप से कॉलेज,अस्पताल और बिजली पानी की प्रमुख सुविधा लोगों को उपलब्ध करवाया,बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए विधानसभा में धरना कर बंगाल की बिजली सप्लाई को पाकुड़ में लाकर यहाँ की बिजली की समस्या को दूर करने का काम किया।आगामी चुनाव में इस बार जनता अपना मन बदलाव की ओर झुका चुकी है और मौका मिले तो पाकुड़ विधानभा को नए बदलाव के साथ चौमुखुखी बिकास करने की गारंटी की जिम्मेदारी मैं लेता हूँ।मीडिया से रूबरू होकर सपा प्रत्याशी अकील अख्तर ने बदलाव की ओर चल पड़े है।अब पाकुड़ की जनता इस चुनावी रण में किसके सिर पर ताजपोशी करती है ये आने वाला चुनावी हवा ही बयां करेगी,इधर पाकुड़ विधान सभा में विपक्षी गठबन्धित पार्टियों द्वारा भी प्रचार प्रसार जोर शोर से जारी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार पाकुड़ बिधानसभा का चुनावी रण काफी दिलचस्प होने वाला है।वैसे कई निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना भाग आजमाने के लिए पाकुड़ में चुनावी दंगल में कूद चुके है।



# अक्षय कुमार को लेकर फिल्म बनाएंगे अजय देवगन

**बॉलीवुड** के सिंघम स्टार अजय देवगन, खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। अजय देवगन और अक्षय कुमार ने हाल ही में प्रदर्शित फिल्म सिंघम अगेन में साथ में काम किया है। अजय देवगन और अक्षय कुमार एक नई फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। अजय देवगन इस फिल्म का निर्देशन करेंगे, जबकि अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में होंगे।

अजय देवगन ने अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। अजय देवगन ने बताया कि यह कुछ ऐसा है जिसकी हम बाद में घोषणा करने वाले थे लेकिन मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन मंच है। हम पहले से ही एक साथ एक फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं, जिसका मैं निर्देशन कर रहा हूं और अक्षय इसमें मुख्य कलाकार हैं। इस बारे में अभी ज्यादा कुछ बताना जल्दबाजी होगी। अजय देवगन ने बतौर निर्देशक फिल्म आई यू मी और हम , शिवाय,रनवे 34? ,भोला बनाई है।

# डिज्नी के 2026 की रिलीज स्लेट से बाहर हुई 'स्टार वार्स', 'आइस एज 6' ने ली फिल्म की जगह



**'स्टार वार्स'** दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय रही है। इसकी अगली किस्त 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज को टाल दिया गया है। दरअसल, डिज्नी ने 2026 की रिलीज स्लेट से एक बिना शीर्षक वाली 'स्टार वार्स' फिल्म को हटा दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टार वार्स फिल्म को पहले 18 दिसंबर, 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब इसे रिलीज स्लेट से हटा दिया गया है।

'आइस एज 6' ने ली 'स्टार वार्स' फिल्म की जगहः हालांकि, अब 'स्टार वार्स' फिल्म की जगह अब किसी दूसरी फिल्म ने जगह बना ली है। अब 'आइस एज 6' इसकी जगह लेगी। उस तारीख के लिए शुरू में तय की गई स्टार वार्स फिल्म के विवरण का खुलासा नहीं किया गया था। पिछले हफ्ते डिज्नी ने घोषणा की थी कि साइमन किनबर्ग को स्टार वार्स ट्रायलॉजी लिखने और बनाने के लिए लाया गया।

ट्रायलॉजी का निर्माण कैथलीन कैनेडीः लुकासफिल्म की अध्यक्ष कैथलीन कैनेडी भी ट्रायलॉजी का निर्माण करेंगी, उस समय रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्मों में नए किरदार शामिल होंगे और यह पिछली स्काईवॉकर सागा की निरंतरता नहीं होगी, जो कि साइंस-फिक्शन फिल्म फ्रेंचाइजी के एपिसोड एक से नौ तक फैली हुई थी।

**आइस एज 6 का निर्माण शुरूः** डेजी रिडले का किरदार रे स्काईवॉकर एक अलग स्टार वार्स फिल्म का केंद्र बिंदु है, जिस पर निर्देशक शर्मीन ओबैद-चिनॉय सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का पहली बार अप्रैल 2023 में लंदन में स्टार वार्स सेलिब्रेशन में जिक्र किया गया था। हाल ही में पिछले हफ्ते डी23 ब्राजील में बताया गया कि आइस एज 6 का निर्माण शुरू हो गया है, जिसमें रे रोमानो, क्वीन लतीफा और जॉन लेगुइजामो अपनी आवाज वाली भूमिकाएं फिर से निभाएंगे।

## बिग बॉस 18: सलमान खान के शो में नयी वाइल्ड कार्ड एंट्री, डॉली चायवाला को मिलेगा चांस?



**बिग बॉस** 18 हर नए एपिसोड के साथ और भी रोमांचक होता जा रहा है। बिग बॉस हाउस में इंटरनेट सनसनी डॉली चायवाला की एंट्री देखने को मिलेगी, जो हाल ही में बिल गेट्स द्वारा सोशल मीडिया पर उनके साथ एक वीडियो शेयर करने के बाद चर्चा में आई थीं।

बिग बॉस 18 हर नए एपिसोड के साथ और भी रोमांचक होता जा रहा है। बिग बॉस हाउस में इंटरनेट सनसनी डॉली चायवाला की एंट्री देखने को मिलेगी, जो हाल ही में बिल गेट्स द्वारा सोशल मीडिया पर उनके साथ एक वीडियो शेयर करने के बाद चर्चा में आई थीं। डॉली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बिग बॉस के घर में एंट्री करते हुए दिखाई दे रहे हैं और बाद में एक मजेदार सेगमेंट में तजिंदर पाल सिंह बग्गा के साथ अपने लोकप्रिय अंदाज में चाय बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

डॉली द्वारा शेयर किए गए वीडियो में वह पैन में दूध डालने का अपना नाटकीय स्लो-मोशन स्टाइल करते हुए दिखाई दे रहे हैं। घर के अन्य सदस्य उनके लिए चीयर करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि बिग बॉस के सेट पर वापस आए सलमान खान हैरान रह गए।

क्या डॉली चायवाला बिग बॉस 18 की नई वाइल्ड कार्ड हैं?ः डॉली द्वारा अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के अलावा, उन्होंने अपनी एक तस्वीर भी शेयर की है, जिस पर लिखा है, 'बिग बॉस एंट्री', जो बिग बॉस हाउस में उनकी एंट्री का संकेत देता है। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, "बिग बॉस सीजन 18 पर एंट्रीः- शनिवार या रविवार एपिसोड आएगा, उत्साहित हो सभी।"

इस कैप्शन से यही निष्कर्ष निकलता है कि वह सिर्फ दो दिन के लिए यानी इस वीकेंड पर बिग बॉस हाउस में एंट्री कर रहे हैं। हालांकि, फैंस को यह देखने के लिए आज रात के एपिसोड का इंतजार करना होगा कि वह सिर्फ दो दिन दर्शकों का मनोरंजन करेंगे या बाकी घरवालों को कड़ी टक्कर देंगे।

बिग बॉस के अलावा, डॉली चायवाला को हाल ही में आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार करते देखा गया था। नागपुर की चाय की दुकान चलाने वाली डॉली चायवाला ने इस हफ्ते की शुरूआत में नागपुर ईस्ट में भाजपा की एक प्रचार रैली में भाग लिया था। भाजपा नेताओं के साथ डॉली की उपस्थिति और पार्टी का प्रतीकात्मक चोर पहनने से अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह भाजपा में शामिल होंगी। लेकिन न तो उनकी और न ही राजनीतिक पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है।

## सूर्या, बॉबी देओल की फिल्म कंगुवा को दूसरे दिन लगा बड़ा झटका, कलेक्शन में भारी गिरावट

**सूर्या, बॉबी** देओल, दिशा पटानी और योगी बाबू की मुख्य भूमिकाओं वाली कंगुवा को सिनेमाघरों में रिलीज के दूसरे दिन बड़ा झटका लगा। सैकनिल्क के अनुसार, पहले दिन बेहतर प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को फिल्म ने सिर्फ 9 करोड़ रुपये कमाए।

सूर्या, बॉबी देओल, दिशा पटानी और योगी बाबू की मुख्य भूमिकाओं वाली कंगुवा को सिनेमाघरों में रिलीज के दूसरे दिन बड़ा झटका लगा। सैकनिल्क के अनुसार, पहले दिन बेहतर प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को फिल्म ने सिर्फ 9 करोड़ रुपये कमाए। गुरुवार को, एक्शन फिल्म ने सभी भाषाओं में 24 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें इसका बड़ा योगदान इसके मूल तमिल संस्करण का रहा। रिलीज के दो दिनों के बाद कुल कलेक्शन फिलहाल 33 करोड़ रुपये है। हालांकि, वीकेंड पर इसके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और अपने पहले वीकेंड के बाद यह 60 करोड़ रुपये पार कर जाएगी। तमिल भाषा की इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दो बॉलीवुड दिग्गजों सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 से कड़ी टक्कर मिल रही है।

ऑक्यूपेंसी के मामले में, कंगुवा ने शुक्रवार को सिर्फ 25.75 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी हासिल की, जिसमें इसके नाइट शो का बड़ा योगदान रहा। फिल्म कथित तौर पर 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट पर बनी है और ट्रेड पंडितों का अनुमान है कि अगर यह वीकेंड और पहले सोमवार को बड़ी कमाई नहीं कर पाती है तो आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के लिए मुश्किलों भरा सफर तय करना होगा।




**फिल्म के बारे में:** कंगुवा 10 अक्टूबर, 2024 को बड़े पर्दे पर आने वाली थी, हालांकि, फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख को लगभग एक महीने आगे बढ़ा दिया क्योंकि उसी दिन रजनीकांत अभिनीत वेट्टैयान भी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही थी।

फिल्म फ्रांसिस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक कुशल इनाम शिकारी है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका एंजेला और अपने वफादार दोस्त योगी बाबू के साथ मिलकर काम करता है। फिल्म में नटराजन सुब्रमण्यम, के एस रविकुमार, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला और मंसूर अली खान भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



## सोशल मीडिया पर रोने के लिए ट्रोल हुईं दिलजीत की फैन, तो सिंगर ने बयान जारी करते हुए लिया स्टैंड

**दिलजीत** दोसांझ इन दिनों अपनी दिल-लुमिनाटी इंडिया टूर के लिए लाइमलाइट में बने हुए हैं। वह देशभर में अपना कॉन्सर्ट कर रहे हैं। उनकी एक झलक के लिए फैंस हजारों रुपए खर्च करके कॉन्सर्ट अटेंड कर रहे हैं। इसी बीच उनके जयपुर कॉन्सर्ट में एक फीमेल फैन को रोते हुए स्पॉट किया गया, जिसका वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूजर्स इस वीडियो को देखने के बाद उस फीमेल फैन को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। अब दिलजीत दोसांझ ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी फीमेल फैन का स्टैंड लिया है।

**दिलजीत दोसांझ की फीमेल फैन बनी मीम मटेरियलः** दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में जयपुर में एक कॉन्सर्ट किया था, जिसमें से एक फीमेल फैन का रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में वह फीमेल फैन दिलजीत का गाना हस हस गाते हुए इमोशनल हो जाती है और रोने लगती है। अब इस फैन का वीडियो मीम मटेरियल बन गया है। इसपर दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए उस लड़की को सपोर्ट किया है।

**दिलजीत ने लिया फीमेल फैन के लिए स्टैंडः** दिलजीत ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, म्यूजिक एक इमोशन है। ये लोगों को हंसाता है, नचाता है, डांस करवाता है और रुला भी देता है। मैं खुद भी कई बार म्यूजिक सुनकर रो देता हूं। सिर्फ जिनके अंदर इमोशन्स होते हैं वही रोते हैं। उन्होंने आगे लिखा, इन लड़कियों को कोई रोने से नहीं रोक सकता। वे स्वतंत्र हैं ना सिर्फ पुरुष लेकिन महिलाएं भी कमाती हैं। वो कमाती हैं और खुद एंजॉय कर सकती हैं। आप उनकी इंसल्ट कर रहे हैं, आप देश की बेटी की इंसल्ट कर रहे हैं।

## 500 करोड़ की बाजी में जेक पॉल ने दिग्गज माइक टायसन को हराया



**एजेंसी/ डलासः** दुनिया के दिग्गज बॉक्सर में से एक रहे माइक टायसन को 27 साल के जैक पॉल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। माइक टायसन ने 19 साल बाद बॉक्सिंग के रिंग में वापसी की थी। जैक के खिलाफ फाइट में 58 साल के हो चुके माइक टायसन पर उम्र का असर साफ दिख रहा था, लेकिन इसके बावजूद इस दिग्गज ने जेक पॉल की शुरूआती राउंड में हालत खराब कर दी थी। हालांकि, अंत में जज के निर्णायक फैसले से जैक पॉल को 80-72, 79-73, 79-73 से विजेता घोषित किया गया। बता दें कि माइक टायसन और जैक पॉल के बीच हुई फाइट में 500 करोड़ से ज्यादा का इनाम था। रिपोर्ट के मुताबिक, माइक टायसन को हराने वाले जैक पॉल को इनाम के तौर पर 40 मिलियन अमरीकी डालर मिलेंगे। इसके अलावा जैक पॉल से हारने वाले माइक टायसन को 20 मिलियन अमरीकी डालर का पेआउट मिलेगा। इस तरह माइक टायसन को फाइट हारने के बाद भी करीब 167 करोड़ रुपए मिलेंगे।

# पर्थ टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका, शुभमन गिल हुए चोटिल

## प्रैक्टिस के दौरान अंगूठा फ्रैक्चर, ऑस्ट्रेलिया में बढ़ी टीम इंडिया की मुसीबत

**एजेंसी/ पर्थः** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया के सामने एक बड़ी मुसीबत आ गई है। टीम के स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शुभमन गिल का अंगूठा फ्रैक्चर हुआ है और यह माना जा रहा है कि पर्थ में होने वाले टेस्ट मैच से वह बाहर रह सकते हैं। ऐसे में शुभमन गिल के चोटिल होने से टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ गई है।

दरअसल, शुभमन गिल इंडिया ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच में बल्लेबाजी के दौरान दर्द में देखे गए। चोट लगने के बाद शुभमन गिल ने तुरंत मैदान छोड़ दिया। इसके बाद उनके अंगूठे की स्कैनिंग की गई। स्कैन में ये पता चला कि उनका अंगूठा फ्रैक्चर हो गया। ऐसे में वह अब कम से कम 14 के लिए मैदान से दूर रहेंगे।




पूरी तरह से ठीक होने के बाद शुभमन गिल प्रैक्टिस के लिए फिर से मैदान पर उतर पाएंगे।

एडिलेड टेस्ट में हो सकती है वापसीः अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण शुभमन गिल का पहले टेस्ट से बाहर होना लगभग तय है। हालांकि, ऐसी संभावना है कि शुभमन गिल एडिलेड में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में वापसी कर सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड टेस्ट मैच की शुरूआत छह दिसंबर से होने जा रही है। ऐसे में अब टीम इंडिया को शुभमन गिल के विकल्प पर विचार करना होगा।

राहुल-सरफराज भी चोटिलः सिर्फ शुभमन गिल ही नहीं, सरफराज खान और केएल राहुल की चोट ने भी टीम इंडिया की टेंशन बढ़ा रखी है। केएल राहुल और सरफराज को भी प्रैक्टिस के दौरान चोट लगने की बात सामने आई है। इसके अलावा टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर भी यह कहा जा रहा है कि उनकी स्कैनिंग कराई गई है। इस तरह सीरीज के शुरू होने से पहले टीम इंडिया के चार खिलाड़ियों के चोटिल होने की बात सामने आ रही है।

# मैतेई समुदाय के छह लोगों के शव मिलने के बाद मणिपुर में हालात नाजुक, कर्फ्यू जारी, इंटरनेट बंद



**इंफालः** मणिपुर में हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। सैन्य बलों के अभियान में कुकी-जो समुदाय के 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में जबरदस्त तनाव है। बताया गया है कि आतंकियों की तरफ से मैतेई समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों का एक कैंप से कथित तौर पर अपहरण करने के बाद इन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था। इसके बाद से ही पूरे क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी और मुख्यमंत्री एन। बीरेन सिंह के दामाद समेत कई विधायकों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया।

जिरिबाम में शनिवार को दो महिलाओं और एक बच्चे का शव बराक नदी से मिला था। वहीं, एक महिला और दो बच्चों की लाश इससे पहले शुक्रवार रात को बरामद की गई थी। इसके बाद भड़की हिंसा के चलते फिलहाल इंफाल घाटी क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू है और इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं।

**इंफाल में कैसे रहे हालात? :** मणिपुर की राजधानी इंफाल में शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने सरकार के तीन मंत्रियों और छह विधायकों के घरों पर हमला किया था। इनमें भाजपा विधायक और एन। बीरेन सिंह के दामाद आरके इमो का घर भी शामिल था। गुस्साई भीड़ ने कई संपत्तियों में आग भी लगा दी थी। सुरक्षाबलों ने इन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े थे। रविवार को सड़क पर इसी हिंसा से जुड़े कई निशान देखे गए। यहां जिन जगहों पर तोड़फोड़ की गई, वहां मलबा वैसा ही पड़ा दिखा।

**और किन नेताओं के घर को बनाया गया निशाना? :** जिन मंत्रियों के घरों में तोड़फोड़ हुई उनमें सपम रंजन, एल सुसिंद्रो सिंह और वाई खेमचंद शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के कारण इंफाल घाटी के इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर, थौबल और काकचिंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राज्य प्रशासन ने राज्य के मंत्रियों और विधायकों के आवासों में घुसे प्रदर्शनकारियों के मद्देनजर शनिवार शाम को सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं।

## मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सख्त, सुरक्षाबलों को शांति बहाली के लिए सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश



**नई दिल्लीः** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षाबलों को व्यवस्था बनाए रखने तथा शांति बहाली के लिए जरूरी कदम उठाने और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों से मणिपुर में सुरक्षा परिदृश्य नाजुक बना हुआ है। संघर्ष में दोनों समुदायों के सशस्त्र उपद्रवी हिंसा में लिप्त रहे हैं, जिससे दुर्भाग्यवश लोगों की जान चली गई और सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई। सभी सुरक्षा बलों को व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि हिंसक और विघटनकारी गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। प्रभावी जांच के लिए महत्वपूर्ण मामले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दिए गए हैं। मंत्रालय ने जनता से अपील की है कि वह शांति बनाए रखें, अफवाहों पर विश्वास न करें और राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करें।

पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लामफेल सनाकेथेल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सपम रंजन के आवास पर भीड़ ने धावा बोल दिया। लामफेल सनाकेथेल विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि डेविड ने संवाददाताओं से कहा, ह्लसपम ने हमें आश्वासन दिया कि तीन लोगों की हत्या से संबंधित मुद्दों पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी और अगर सरकार जनता की भावनाओं का सम्मान करने में विफल रहती है तो मंत्री अपना इस्तीफा दे देंगे।

पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्वी जिले के खुरई इलाके में उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री एल सुसिंद्रो सिंह के आवास पर हमले का प्रयास किया। इस स्थिति में सुरक्षा बलों को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा।

इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई इलाके में नगर प्रशासन आवास विकास मंत्री वाई खेमचंद के आवास को भी निशाना बनाया। इंफाल पश्चिम जिले के सागोलबंद इलाके में प्रदर्शनकारियों ने भाजपा विधायक आरके इमो के आवास के सामने इकट्ठा होकर नारे लगाए। इमो मुख्यमंत्री एन। बीरेन सिंह के दामाद भी हैं। दोषियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने की मांगः प्रदर्शनकारियों ने विधानसभा से 200 मीटर दूर थंगमेईबंद इलाके में टायरों में आग लगा दी। उन्होंने सरकार से उचित कार्रवाई की मांग की और अधिकारियों से 24 घंटे के भीतर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान को पन्ना खदान में मिला 7।44 कैरेट का हीरा

**पन्नाः** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक किसान और उसके साथियों को खदान में खुदाई के दौरान 7।44 कैरेट का हीरा मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि किसान और उसके साथियों को तीन महीने पहले भी खदान से 16।10 कैरेट का हीरा मिला था। एक अधिकारी ने बताया कि खुदाई के लिए जरुआपुर इलाके में जमीन का एक टुकड़ा पट्टे पर लेने वाले दिलीप मिस्त्री ने शनिवार को पन्ना हीरा कार्यालय में हीरा जमा कराया। हीरा कार्यालय के अधिकारी अनुपम सिंह ने बताया कि इस हीरे को भी नीलामी में रखा जाएगा।

सिंह ने बताया कि कार्यालय के भंडार में फिलहाल 79 हीरे हैं, जिनका वजन करीब 228 कैरेट है और इनकी कुल कीमत करीब 3।53 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जमा किया गया हीरा औसत गुणवत्ता का है। मिस्त्री ने संवाददाताओं से कहा, ह्लहीरा मिलने की खुशी का वर्णन नहीं किया जा सकता और इन हीरों से मिलने वाले रुपयों का इस्तेमाल वह खदान के विस्तार,बच्चों के भविष्य और खेती-किसानी के लिए किया जाएगा। मिस्त्री ने कहा, हम सभी साझेदारों ने अब तक हीरा कार्यालय में सात या आठ हीरे जमा किए हैं। इससे पहले जुलाई में एक मजदूर को 19।22 कैरेट का हीरा मिला था।

### अमरावती में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की चेकिंग, शरद पवार का बैग भी किया गया चेक



**अमरावती :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी महाराष्ट्र के अमरावती में एक चुनावी कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। इस दौरान राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की चुनाव आयोग के अधिकारियों ने तलाशी ली। चुनाव आयोग की कार्रवाई का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में कई लोगों को राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी लेते हुए देखा जा सकता है। साथ ही इस वीडियो में राहुल गांधी हेलीकॉप्टर के पास ही खड़े नजर आ रहे हैं। कुछ देर बाद ही राहुल गांधी हेलीकॉप्टर से दूर जा पार्टी नेताओं से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। खबर ये भी है कि रायगढ़ में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शरद चंद गुट मुखिया शरद पवार का बैग चेक किया गया। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने गए राहुल गांधी का हेलिकॉप्टर गोड्डा जिले में फंसा रहा। राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को एटीएस ने उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी, जिससे वह करीब आधे घंटे तक हेलीपैड पर खड़ा रहा। क्लीयरेंस न मिलने का ठीकरा कांग्रेस ने बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के कारण राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ने की अनुमति नहीं दी गई थी। राहुल गांधी का हेलिकॉप्टर गोड्डा के बेलबड्डा में फंसा हुआ था। कांग्रेस ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए इसे पार्टी की गलत नीति करार दिया था। गौरतलब है कि हाल ही में उद्धव ठाकरे का चुनाव आयोग के कर्मचारियों द्वारा बैग चेक किया गया था। जिसकी विपक्षी पार्टियों ने निंदा की थी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने अपने नेताओं के बैग और हेलीकॉप्टर की जांच किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। जिसे विपक्ष ने जानबूझकर ध्यान भटकाने की रणनीति करार दी थी।

### पोरबंदर से पकड़ी गयी ढाई हजार करोड़ की ड्रग्स तार पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े



**नई दिल्लीः** गुजरात के पोरबंदर से शुक्रवार को लगभग दो हजार करोड़ के ड्रग्स की खेप पकड़ी गयी है। गुजरात की जांच एजेंसियों का मानना है कि ड्रग्स पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की शह पर भारत भेजी गयी थी। आईएसआई की सहायता से पाकिस्तान में मौजूद ड्रग्स के अंतरराष्ट्रीय सौदागर हाजी सलीम ने ड्रग्स भारत भेजी।

**हाजी सलीम एनसीबी सहित कई देशों की जांच एजेंसियों के रडार पर है :** हाजी सलीम के तार पाकिस्तान, अफगानिस्तान में हेरोइन और दूसरे ड्रग्स के काले कारोबार से जुड़े हुए हैं। हाजी सलीम डी कपंनी(दाऊद इब्राहिम) का खास कारिंदा बताया जाता है। दाऊद इब्राहिम के ड्रग्स के धंधे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यही पाकिस्तान में रह कर डील करता है। हाजी सलीम नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) सहित कई देशों की जांच एजेंसियों के रडार पर है।

**भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गयी :** खबरों के अनुसार संयुक्त ऑपरेशन के तहत शुक्रवार को गुजरात के पोरबंदर के पास भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गयी थी। साथ ही आठ ईरानी नागरिकों को धर दबोचा गया था। एनसीबी के अनुसार आठ लोगों के पास पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं है। गुजरात एटीएस, नौसेना और एनसीबी का ज्वाइंट ऑपरेशन था । एनसीबी के अधिकारियों की मानें तो जब्त की गयी ड्रग्स (मेथामफेटामाइन) की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2,500-3,500 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। एनसीबी ने बयान जारी कर कहा कि ड्रग्स को लेकर भारतीय जल क्षेत्र में घुसे नॉन-रजिस्टर्ड जहाज को रोकने के लिए सागर मंथन- 4 नाम से अभियान शुरू किया गया था। नौसेना ने शुक्रवार को संदिग्ध जहाज को रोककर मादक पदार्थ जब्त किये।

### 12 साल की बच्ची से 35 साल का शख्स कर रहा था शादी, बहन की सूझबूझ ने पलटा मामला

**पटना :** एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां पांचवीं में पढ़ने वाली एक बच्ची से 35 साल का शख्स शादी कर रहा था। मामला पटना के फुलवारीशरीफ का है। दरअसल बच्ची की उम्र महज 12 साल है और उसकी शादी आज ही होने वाली थी। आरोप है कि दूल्हा पक्ष के लोग जबरन बच्ची के परिवार पर बाल विवाह का दबाव बना रहे थे। इसी बीच बच्ची की बड़ी बहन ने थाने में जाकर पुलिस को सारी बात बताई और थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद महिला पुलिस तुरंत बच्ची के घर पहुंची और शादी रुकवाई। महिला थानाध्यक्ष ने बच्ची के पिता से बॉन्ड भरवायाः पुलिस की जांच में पता चला कि सबसे पहले बच्ची की बड़ी बहन से लड़के की शादी तय हुई थी।

# डेनमार्क की विक्टोरिया के सिर सजा मिस यूनिवर्स 2024 का ताज, टॉप-12 से बाहर से हुईं भारत की रिया सिंह



**नई दिल्ली :** डेनमार्क की कंटेस्टेंट विक्टोरिया केजीर ने मिस यूनिवर्स 2024 का खिताब जीत लिया है। भारत की तरफ से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालीं रिया सिंह टॉप-12 से बाहर हो गई थीं। इस प्रतियोगिता में 130 कंटेस्टेंट्स ने 125 देशों से हिस्सा लिया था। रिया सिंह इससे पहले इसी साल मिस यूनिवर्स इंडिया ब्यूटी पेजेंट की भी विजेता रहीं थीं। भारत के पास इस साल चौथी बार इस खिताब को जीतने का मौका था। इससे पहले तीन बार भारतीय ब्यूटी क्वीन्स ने अपने देश के नाम से खिताब सजाया है। 1994 में सुष्मिता सेन ने पहली बार इस खिताब को भारत के नाम किया था। इसके बाद लारा दत्ता और हरनाज संधू ने भी ये खिताब जीता था। विक्टोरिया कजेर ने अपनी खूबसूरती और बुद्धि से ये साबित कर दिया कि वो ब्यूटि विद ब्रेन की धनी हैं। उनके बारे में बहुत ज्यादा तो नहीं पता है लेकिन ये जानते हैं कि वो 21 साल की हैं और एक अच्छी डांसर होने के साथ वकील भी हैं। शनिवार को उन्होंने 126 देशों की सुंदरियों को हराकर ताज अपने नाम किया है। इस साल होने वाले मिस यूनिवर्स 2024 का कॉन्पिटिशन बाकी से अलग था। 72 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब 28 साल से ज्यादा की उम्र की महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिनकी संख्या दो दर्जन से ज्यादा थी। इस लिस्ट में माल्टा की बीट्राइस नजोया 40 साल से ज्यादा उम्र की पहली और एकमात्र महिला बनीं जो ग्रैंड फाइनल तक पहुंचीं।

## स्कूल में घुसकर अंधाधुंध चाकूबाजी, 8 की मौत-17 घायल



**बीजिंग :** चीन के एक व्यावसायिक स्कूल में हुई चाकूबाजी से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी को मौके से ही पकड़ लिया गया। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बता दें कि इससे पहले हाल ही में एक व्यक्ति ने अपनी कार से कई लोगों को कुचल दिया था। इस हादसे में भी 35 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 43 लोग घायल हो गए थे।

बता दें कि पूरा मामला पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत का बताया जा रहा है। यहां शनिवार को एक व्यावसायिक स्कूल में घुसे एक सनकी ने अंधाधुंध चाकूबाजी करनी शुरू कर दी। चाकूबाजी की इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। यह हमला यिक्सिंग शहर के ह्वूशी वोकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजीह्व में शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ।

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यिक्सिंग के लोक सुरक्षा ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 21 वर्षीय संदिग्ध शू को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया गया और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शू परीक्षा में फेल हो गया था और इस वजह से उसे स्नातक प्रमाणपत्र नहीं मिला था। इसके अलावा वह इंटर्नशिप वेतन से असंतुष्ट था। ऐसे में अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए वह स्कूल में घुसा और चाकूबाजी करनी शुरू कर दी। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आप सरकार ने पंजाब के हर गांव में युवाओं को दी सरकारी नौकरीः केजरीवाल

**चंडीगढ़ः** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि पंजाब हर गांव में युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर देश के लिये एक रोल मॉडल बनकर उभरा है। पंजाब पुलिस में 1746 कांस्टेबलों की भर्ती के अवसर पर एक समारोह में सभा को संबोधित करते हुये, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से 48,000 से अधिक नौकरियां प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यापक अभियान के कारण अब पंजाब के हर गांव में कम से कम एक सरकारी कर्मचारी है, जो सभी के लिये बेहद गर्व और संतुष्टि की बात है।

अरविंद केजरीवाल ने युवाओं को अपना कर्तव्य कुशलतापूर्वक निभाने का आह्वान करते कहा कि यह उन सभी के लिये गर्व की बात है कि वे सबसे अनुशासित और सुशोभित पंजाब पुलिस का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सत्ता संभाली है, हमारा मिशन राज्य में स्थिरता लाना, हमारे युवाओं को नशे से दूर रखना और उनके लिए बेहतर रोजगार के अवसर खोलना है, उन्होंने कहा कि वह हमारे लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। केजरीवाल ने पंजाब पुलिस में 1,746 नए कांस्टेबलों में से 1,205 उम्मीदवारों को बधाई दी, जिन्हें आज नियुक्ति पत्र मिले।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ जिलों में आदर्श आचार संहिता और कुछ अन्य कारणों से शेष पत्र अभी जारी नहीं किए जा सके हैं लेकिन जल्द ही जारी किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं के लिये सार्थक नौकरी के अवसर पैदा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और पंजाब सरकार प्रतिभाशाली युवाओं को विभिन्न पदों पर भर्ती करने के लिये प्रतिबद्ध है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस समय आप पार्टी ने पंजाब में सत्ता संभाली थी, उस समय कानून-व्यवस्था अपने सबसे निचले स्तर पर थी क्योंकि गैंगस्टर और अन्य असामाजिक तत्व राज्य में अपनी ताकत दिखा रहे थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कड़े प्रयासों के कारण अब पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति देश में सबसे अच्छी है। केजरीवाल ने कहा कि पहले हालात खराब थे,



लेकिन अब चीजें बदल गयी हैं और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जिससे पंजाब तेजी से प्रगति कर रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब राज्य में सर्वोत्तम कानून-व्यवस्था प्रदान करने में एक रोल मॉडल के रूप में उभरेगा, जिसके लिये जल्द ही एक मॉडल पेश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस को लोगों के हितों की सुरक्षा के लिये अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी से लैस किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार का सबसे अच्छा संकेतक यह है कि राज्य सरकार ने 60,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि इस निवेश से तीन लाख से अधिक नौकरियां पैदा होंगी, जिससे राज्य की प्रगति और लोगों की समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। केजरीवाल ने कहा कि अन्य पार्टियों ने राज्य को बर्बाद करने में 75 साल लगा दिये, लेकिन आप सरकार ने पिछले 2।5 साल में इसे फिर से बनाने के लिये बड़े कदम उठाये हैं, और आने वाले समय में भी प्रयास जारी रहेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने युवाओं से देश के शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए लगन से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज महान शहीद करतार सिंह सराभा का शहीदी दिवस है, जिन्होंने देश की खातिर कम उम्र में अपने प्राणों की आहुति दे दी, इसलिए हम सभी को उनके सपनों को साकार करने के लिये कड़ी मेहनत करनी चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह युवाओं की भलाई सुनिश्चित करने और उनके लिये रोजगार के नये रास्ते खोलने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भगवंत मान ने कहा कि यह उनके लिए बेहद गर्व और संतुष्टि की बात है कि अब तक 48,000 से अधिक युवाओं का चयन पूरी तरह योग्यता के आधार पर इन पदों के लिये किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में लाने का श्रेय अरविंद केजरीवाल को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र उनकी सरकार की शीर्ष पांच प्राथमिकताओं में हैं और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी की भलाई और राज्य की प्रगति सुनिश्चित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा इस दृष्टिकोण को विधिवत शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 2022 में विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य के लोगों को दी गयी गारंटी के अलावा, राज्य सरकार ने कई अन्य जन-समर्थक पहल भी की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कई ऐसे आयोजन हुये हैं, जिनमें युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरियां मिली हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह युवाओं की भलाई सुनिश्चित करने और उनके लिये रोजगार के नए रास्ते खोलने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिये बेहद गर्व और संतुष्टि की बात है कि अब तक 48,000 से अधिक युवाओं का चयन पूरी तरह योग्यता के आधार पर इन पदों के लिये किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस की दक्षता बढ़ाने के लिये राज्य सरकार ने बल में 10,000 नए पद सृजित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे जहां एक ओर अपराध पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, वहीं आने वाले दिनों में युवाओं के लिये रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस राज्य में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये सर्वोत्तम उपलब्ध तकनीक से लैस है और राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई सड़क सुरक्षा फोर्स सफलतापूर्वक चल रही है।

## भगेरिया फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



भगेरिया फाउंडेशन के तत्वधान में आज स्थान थाना रोड स्थित गायत्री कुंज में 14 वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस रक्तदान शिविर में प्रारंभ से ही रक्तदान करने वालों की भीड़ उमड पड़ी और पूरे हर्षोल्लास वातावरण में रक्तदान किया इस रक्तदान शिविर में आज मुख रुप से समाजसेवी एवं पीपुल्स हायवेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय गागराई ने भी रक्तदान कर लोगों को रक्तदान हे तू प्रेरित किया इस अवसर पर श्री गागराई ने कहा कि रक्तदान जीवन दान है इस अवसर पर रक्तदान शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली ज्योति कुमारी एवं समाजसेवी प्रशांति साह भी मुख रुप से उपस्थित रही।

## डीसी ने चुनाव तैयारियों का लिया जायजा



**सिमडेगा:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए ईवीएम बज्र गृह का निरीक्षण कर मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों व अन्य व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों को मतगणना तक बज्र गृह बेहतर व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया। तथा विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से बज्र गृह का सुरक्षा जायजा लिया।

## दुष्कर्म के आरोप में अभियुक्त जेल भेजा गया

**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र के हुरहुरी गांव के रहने वाले उसामा अंसारी को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। इस मामले में पीड़िता ने शुक्रवार को चान्हो थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि वह और आरोपी दोनों शादीशुदा हैं। उसामा अंसारी के दो बच्चे हैं, जबकि महिला के तीन बच्चे हैं। दोनों एक ही मजहब से ताल्लुक रखते हैं। महिला का आरोप है कि कुछ दिन पहले उसामा अंसारी ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना की जानकारी उसने अपने परिजनों को दी, जिसके बाद उन्होंने उसे पुलिस के पास जाने की सलाह दी।

शिकायत के आधार पर चान्हो पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की पूरी तहकीकात जारी है। पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

## दो सड़क हादसे, दो लोग घायल

**मांडर/चान्हो :** मांडर और चान्हो थाना क्षेत्रों में शनिवार शाम को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। पहली घटना मांडर थाना क्षेत्र के चटवल मोड़ के पास शाम करीब सात बजे हुई। करगे गांव के निवासी कृष्णा साहू अपने मोपेड से घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कृष्णा साहू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना चान्हो थाना क्षेत्र के चामा चौक के पास घटी। पलामू जिले के छतरपुर निवासी 21 वर्षीय छोटू कुमार रांची की ओर जा रहे थे। उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में छोटू कुमार घायल हो गए। घटना के बाद चान्हो पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छोटू कुमार को चान्हो रेफरल अस्पताल पहुंचाया। दोनों घायलों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

## बालू प्रेषण करते एक ट्रैक्टर को खनन विभाग ने किया जप्त

**बोकारो :** उपायुक्त, बोकारो के निदेशानुसार, जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में बोकारो जिलांतर्गत विभीन्य स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें सेक्टर 4 थानानतर्गत आंबेडकर चौक के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का प्रेषण करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया, जिसे जप्त कर सेक्टर 4 थाना को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई साथ ही हरला थानांतर्गत एनायत चौक पर एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते पकड़ा गया, जिसे हरला थाना को सुपुर्द किया गया।उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवम पुलिस बल मौजूद थे।

## पचौरा में राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी,तस्करों ने बीएसएल पंप हाउस काटा

**बोकारो :** बोकारो के हरला पुलिस के संरक्षण में स्क्रैप चोरी का काम धड़ल्ले से चल रहा है। रविवार सुबह पचौरा में ग्रामीणों के जरिए स्क्रैप लदे तीन वाहनों को रोके जाने पर इस गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। स्क्रैप लदा दो वाहन तो तस्कर लेकर भाग निकले,परंतु स्क्रैप लदे एक वाहन संख्या डब्लूबी 37डी 2868 को ग्रामीणों ने रोक रखा है। और इस गाड़ी के चारों चक्का का हवा निकाल दिया ताकि स्क्रैप चोर गाड़ी ले भाग न सके । मौके पर मौजूद जोहर पार्टी से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी मनोज महली ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान यह गंभीर मामला है। तस्कर आलम अंसारी से उनकी नोक झोंक हुई। जिसमें तस्कर में बताया कि स्क्रैप चोरी का काम बंद नहीं करवा सकते। क्योंकि यह सारा काम हरला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कश्यप व एसपी के संरक्षण में होता है।

# बाल संप्रेषण गृह के बच्चों को वोकेशनल ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बना जा रहा है

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा:** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्रीमती अनुभा चौधरी के निर्देश पर बाल संप्रेषण गृह में रह रहे सभी बच्चों को एजुकेशन, कंप्यूटर स्किल के साथ ही उन्हें वोकेशनल, फिजिकल समेत कई प्रकार की ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बना जा रहा है।

इसी क्रम में बाल संप्रेक्षण गृह में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) सिमडेगा एवं जिला प्रशासन, सिमडेगा के सौजन्य से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के अंतर्गत सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बाल सुधार गृह/बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को मशरूम, ड्रैगन फ्रूट एवं स्ट्रॉबेरी की खेती करने का प्रशिक्षण बच्चों को मुहैया कराया गया।

जिसके तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार आज बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे। वहां उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सात दिवसीय, जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्य का जायज लिया।

इस दौरान प्रशिक्षण में बेहतर करने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित




किया गया।

इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा एवं उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने बाल संप्रेषण गृह में रहने वाले बच्चों को मन लगाकर ट्रेनिंग लेते हुए खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किए।

इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बच्चों से कहा कि आप सभी का यहां से निकलने के बाद आपको मुख्य धारा से जुड़ने का प्रयास है कि आप में जो दाग और धब्बा लगा हुआ है इसे विमुक्त होकर जो अपने आप को ऐसा कीजिए कि यह जो प्रशिक्षण दिया गया है उसमें ऐसा कीजिए कि समाज में एक पहचान बनें। और पौधों की सेवा एक बहुत बड़ी सेवा है। प्राकृतिक के साथ जुड़ियेगा, आपके अंदर जितनी भी नकारात्मक सोच और नकारात्मक ऊर्जा वह दूर होगी। आपके जाने अनजाने में जो गलती हो गई है उसे भी दूर हटेगा।

उपायुक्त ने बच्चों से कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय इंस्पेक्टि जज जो है उनका आप लोगों के प्रति क्या कर रहे हैं, कैसे रह रहे हैं, कैसे कर रहे हैं, उसके प्रति बहुत ही संवेदनशील है। उसी के दिशा निर्देशन में आप सभी को जिला प्रशासन की ओर से बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैसे कि आप यहां से लौटे तो समाज की मुख्य धारा से जुड़े। उपायुक्त महोदय ने कहा कि यहां पर जो आपको मशरूम उगाने की ट्रेनिंग, ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी की खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया। मशरूम, ड्रैगन फ्रूट स्ट्रॉबेरी की बाजार में बहुत अच्छे कीमत पर बिकती है। आप सभी जब यहां से लौटे तो इन सब की खेती अपने घरों में करें, यह अपने माता-पिता के साथ यहां खेती करके अच्छी कमाई करके अपने जीवन को समाज में बेहतर बना सकते हैं।

मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, समाज कल्याण पदाधिकारी, आत्मा शासकीय निकाय पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### चक्रधरपुर बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

## मदन लाल कुमार ने सुमन कुमार चौरसिया को पराजित कर बने अध्यक्ष





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कांटे की मुकाबला रही जिसमें वरीय अधिवक्ता मदन लाल कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दि सुमन कुमार चैरसिया को पराजित कर नये अध्यक्ष चुने गयें। उन्हें कुल 19 मत प्राप्त हुए वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेश प्रसाद सिंह सुब्रत कुमार प्रधान को पराजित कर उपाध्यक्ष बनें, उन्हें 22 मत प्राप्त हुए। इसके अलावे महासचिव पद पर अनन्त कुमार महतो चुने गयें, उन्हें 20 मत प्राप्त हुए। इसके अलावे सहकोषाध्यक्ष पद पर ज्ञानेन्द्र कांडेयांग चुने गयें, श्री कांडेयांग को 21 मत प्राप्त हुए। आज संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में वरीय अधिवक्ता विपिन कुमार मिश्रा, सौमित्री षाड़ंगी एवं चतुर्भूज साव उपस्थित थें। आज चक्रधरपुर बार एसोसिएशन के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कुमार अभिषेक प्रताप ने सबों को धन्यवाद दिया और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष रूप से बार एसोसिएशन के चुनाव को संपन्न कराने में सबों की सराहणीय सहयोग की प्रशंसा की और सबों को धन्यवाद भी दिया।

## पुस्तकालय मैदान में ईलेक्शन कार्निवाल का हुआ भव्य आयोजन

**बोकारो :** मतदाता जागरूकता को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार शाम *बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 05 स्थित पुस्तकालय मैदान में ईलेक्शन कार्निवल* का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चें, अभिभावक, शहरवासी आदि शामिल हुए। इलेक्शन थीम पर नुक्कड़ नाटक, पेटिंग, रंगोली, छउ नृत्य, परिचर्चा, नृत्य और राक बैंड का आयोजन किया गया। मौके पर सफल प्रतिभागियों को उपस्थित अतिथियों में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, डीटीओ वंदना शेजवलकर, डीएसओ शालिनी खालखो, डीसीएलआर प्रभाष दत्ता आदि ने मेडल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने कहा कि जिले का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है, जिसको लेकर जिले की छवि प्रभावित हो रही है। लेकिन, इस बार इस छवि को दुरूस्त करना है, आगामी 20 नवंबर को जिनका भी नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं, वह अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार* का इस्तेमाल करेंगे। *ज्यादा से ज्यादा मतदान कर जिले का मतदान प्रतिशत को बढ़ाएंगे, यह बताएंगे कि जिले के मतदाता जागरूक और नागरिक जिम्मेवार नागरिक हैं। उन्होंने मौके पर उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों से मतदान दिवस के दिन मतदान के लिए अपने अभिभावकों एवं आस झ पास के लोगों को प्रेरित करने की बात कहीं।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी ने पिण्डजोरा में किया जनसंपर्क अभियान

**बोकारो :** झारखंड में दूसरे चरण के चुनाव को लेकर सरगरिया तेज हो गई है। राजनीतिक दलों का पर सर चढ़कर बोलने लगा है। चुनाव से जुड़े प्रत्याशी अपनी पूरी ताकत झोंकने में लग गए हैं।36 बोकारो विधानसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी यशवीर सिंह ने पिण्डाजोड़ा थाना अंतर्गत चुनावी रणनीति के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के साथ रैली निकाली तथा जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम मे चुनाव कार्यालय काशी झरिया से, चोवाटांड़ ओबरा बस्ती, केसोरीडीह सहित दर्जनों गांव का दौरा किया। जहां पार्टी के समर्थकों ने ढोल बाजे के साथ पार्टी प्रत्याशी यशवीर सिंह का स्वागत किया। चुनावी समर में अपनी ल्लूस्त्र पार्टी का झंडा फहराते हुए अंतिम पड़ाव झूंगी झोपड़ी में निवास करने वाले लोगों से मिलने कार्यक्रम के दौरान शिवाजी कॉलोनी में लिट्टी चोखा का स्वाद लेते हुए एवं मीडिया से बात करते हुए प्रत्याशी यशवीर सिंह ने कहा कि भाजपा विधायक विरींची नारायण के10 साल के कार्यकाल में बोकारो मे विकास नहीं हुआ है ग्रामीण क्षेत्र उलगड्ढा विजली नही है। आज भी अंधेरे हैं।ग्रामीणों किसान सरकारी सुविधाओं से वंचित है।

## डीपीएस बोकारो टीम की ड्रोन तकनीक से गौ-रक्षा प्रोजेक्ट को झारखंड में दूसरा स्थान

**बोकारो :** नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) जमशेदपुर की ओर से शनिवार को इंडस्ट्री एकेडेमिया कॉन्क्लेव 2024 के तहत आयोजित मॉडल प्रस्तुतीकरण एवं प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो की टीम ने पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से सैकड़ों स्कूल-कॉलेजों से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्कूल कैटेगरी में डीपीएस बोकारो की टीम ने प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया। इसके लिए टीम को 15 हजार रुपए की पारितोषिक राशि भी दी गई। टीम को एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा एवं एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधर व अन्य ने पारितोषिक राशि के चेक की डमी, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। अपनी नवोन्मेषता और वैज्ञानिकता प्रदर्शित करनेवाली डीपीएस बोकारो की टीम में छात्रा अंजली शर्मा, छात्र सर्वज्ञ सिंह और कृष वर्मा शामिल रहे। इन्होंने गौ-रक्षा से संबंधित ड्रोन तकनीक पर आधारित अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर सबकी सराहना पाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने टीम डीपीएस बोकारो की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम में शामिल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# कोलकाता चिल्ड्रेन एकाडेमी स्कूल लचरागढ़ में बाल दिवस पर चित्रांकन सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लचडागढ. पंचायत स्थित कोलकाता चिल्ड्रेन एकाडेमी स्कूल लचडागढ. में पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल दिवस का आयोजन किया गया कोलकता चिल्ड्रेन एकाडेमी स्कूल लचडागढ. के प्राचार्य श्री शिव शंकर बेरा ने आयोजन के पूर्व पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई स्कूल के प्राचार्य श्री शिव शंकर बेरा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों को शिक्षा दी उनके बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई पंडित जवाहर लाल नेहरू को बच्चे चाचा नेहरू के नाम से भी जाने जाते हैं इनकी विशेष वजह बच्चों से बहुत प्यार प्रेम लगाव था पंडित जवाहर लाल नेहरू जी को हमेशा बच्चों को प्यार करते थे इसी लिए सभी बच्चे नेहरू जी को चाचा नेहरु कहते हैं! कोलकाता चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल




लचडागढ. में स्कूली बच्चों द्वारा कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । ,छोटे -छोटे स्कूल के बच्चों एलकेजी, यूकेजी से लेकर क्लास फाईव तक स्कूली बच्चों के द्वारा चित्रांकन प्रतियोगिता, बिस्कुट रेस, जलेबी रेस, बैलून रेस ,प्रतियोगिता, एवं कई प्रकार के अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया! जिससे प्रथम , दूसरा एवं तृतीय, स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया साथ में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया! क्लास एल के जी के बच्चों को बिस्कुट रेस जिसमें प्रथम प्रहलाद सिंह, दुसरा स्थान पिहु कुमारी, तृतीय स्थान कार्तिक सिंह, वहीं क्लास यूकेजी के बच्चों के बीच बैलून रेस का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान अंकित बडिंग ,दुसरा नं अशीम तोपनो, तीसरा स्थान विश्व जीत बडाईक, क्लास वन और टू चित्रांकन प्रतियोगिता प्रथम स्थान राजवीर सिंह, दूसरा स्थान आर्यन नायक, तीसरा स्थान धर्मबीर सिंह, क्लास थ्री चित्रांकन प्रतियोगिता प्रथम स्थान मोहित सिंह, दूयरा स्थान अलोकित कंडुलना, तीसरा स्थान अंशराज साहू, क्लास फोर एवं फाईब चित्रांकन प्रतियोगिता प्रथम लवली कुमारी, दूसरा स्थान ऊषा कुमारी, तीसरा स्थान मोनिका कुमारी को पुरस्कृत किया गया मौके पर कोलकाता चिल्ड्रन एकेडमी के प्राचार्य श्री शिव शंकर बेरा सहायक टीचर विक्लन डांग, मिस प्रमिला नायक, मिस हेमंती कुमारी,मिस रीतू सिंह, श्रीमती अंबिका देवी, श्री गौरव कुमार, सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिका सहित सभी स्कूली बच्चे मौजूद थे।